CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 | अंक -321 | राजनांदगांव, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# अलविदा 'टाटा': पंचतत्व में विलीन भारत 'रतन', अंतिम संस्कार से पहले दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर; गृहमंत्री अमित शाह रहे मौजूद

नई दिल्ली। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज और टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा (86) का बुधवार देर रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। गुरुवार को उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास समेत कई नामी हस्तियों ने उन्हें नरीमन पॉइंट पर श्रद्धांजलि दी। रतन टाटा के सम्मान में महाराष्ट्र में गुरुवार को एक दिन का शोक घोषित किया है और इस अवसर पर महाराष्ट्र में सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। साथ ही शिंदे कैबिनेट ने रतन टाटा को भारत रत्न दिए जाने की सिफारिश की है।

## वर्ली श्मशान घाट पर हिंदू रीति से हुआ अंतिम संस्कार

पद्म विभूषण उद्योगपति रतन टाटा की पार्थिव देह नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में गुरुवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रखी गई। जहां उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों चाहने वालों का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके बाद टाटा संस के पूर्व चेयरमैन उद्योगपति रतन टाटा की अंतिम यात्रा वर्ली श्मशान घाट पहुंची। यहां 45 मिनट अंतिम प्रार्थना के बाद उन्हें राजकीय सम्मान दिया गया। 86 वर्षीय रतन टाटा पारसी समुदाय से ताल्लुक रखते थे, हालांकि उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के साथ विद्युत शवदाह गृह में किया गया। बता



दें कि पारसियों के रीति-रिवाज बहुत अलग होते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वर्ली श्मशान घाट पर दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम संस्कार से पहले श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रतन टाटा के अंतिम दर्शन के लिए मुंबई पहुंचे और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा- रतन टाटा जी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए लाखों भारतीयों के साथ शामिल हुआ। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। रतन टाटा जी हमेशा देशभक्ति और अखंडता के प्रतीक के रूप में याद किए जाएंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय ने उद्योगपति रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मशहूर उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सीएम ने एक्स पर लिखा- सुप्रसिद्ध उद्योगपति, पद्मभूषण व पद्मविभूषण से सम्मानित श्री रतन टाटा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित किया। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में उनके योगदान को भारतवासी सदैव याद रखेंगे। सुप्रसिद्ध उद्योगपति, पद्म भूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित श्री रतन टाटा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। सीएम साय ने सोशल मीडिया में आगे लिखा कि, उनका सादगी पूर्ण जीवन, नैतिक नेतृत्व और परोपकार की भावना एक मिसाल थी। वह सदैव हमारी यादों में जीवित रहेंगे। उनका निधन भारत और उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। देश और समाज में बेहतर बदलाव के लिए उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्य हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों, उनके शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना करता हूं। शांति!

# पारदर्शी शासन चलाने का नमूना पेश किया है मोदी सरकार ने, भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं - शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार ने भारत में पारदर्शिता के साथ सरकार चलाने का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है और इस सरकार के दस साल के कार्यकाल में इस पर भ्रष्टाचार का एक भी ठोस आरोप नहीं लगाया जा सका है। इसकी तुलना उन्होंने इससे पहले की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार से करते हुए कहा कि उस समय लाखों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार हुए थे और बैंकिंग व्यवस्था चरमरा गयी थी। श्री शाह राजधानी में उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के 119 वें वार्षिक अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।



श्री शाह ने कहा, '2014 से मोदी की पहली सरकार बनने से पूर्व की सरकार के दस साल में 12 लाख करोड़ के घोटाले भ्रष्टाचार हुए थे लेकिन मोदी सरकार के 10 साल में हमारे विरोधी भी हम पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा पाए हैं, इस प्रकार की पारदर्शी सरकार का एक नमूना हमने पेश किया है।

गृहमंत्री ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र में जनता ही तय करती है कि सरकार का नेतृत्व किसके हाथ में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक अध्ययन किए बिना हम सही मूल्यांकन नहीं कर सकते। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के आने से पहले आतंकवाद, बम धमाके, नक्सलवाद इस देश के लिए नासूर बन चुके थे लेकिन आज हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र या पूर्वोत्तर क्षेत्र हो, हमने आतंकवाद और उग्रवाद को समाप्त कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आज देश में कामधाम शुरू करना आसन हुआ है। भारत विश्व बैंक की व्यवसाय में सहजता की रैंकिंग में पीछे के 142 नंबर से 63 नंबर पर आ गया है। उन्होंने कहा कि संप्रग के समय पूरी बैंकिंग प्रणाली चरमरा गई थी जबकि वर्ष 2023 24 में सरकारी बैंकों को 1.40 लाख करोड़ रूपए का मुनाफा हुआ है।

उन्होंने कहाकि हर क्षेत्र में नई नीतियां आई हैं और उनके आधार पर देश आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर देश को आगे बढ़ाना है तो देश की शिक्षा नीति नई होनी चाहिए और मोदी जी नई एजुकेशन पॉलिसी नीति लेकर आए जिसमें हमने अपनी धरोहर को समाहित करते हुए शिक्षा को वैश्विक बनाया है।

उन्होंने कहा, '2014 और 2024 की देश की तुलनात्मक स्थिति देखने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सभी लोग कहते थे कि हमारे देश को पॉलिसी पैरालिसिस (नीतिगत लकवा) हो गया है, नीतियां नहीं बनती है, लेकिन मोदी जी ने पॉलिसी पैरालिसिस को समाप्त, ढेर सारी नीतियों का सृजन कर, पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस (कार्यनिष्पादन की नीति) स्थापित करने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोदी ने दशहरा से पहले ही विएनतिएन में देखी लाओ रामायण पर आधारित रामलीला

विएनतिएन (लाओस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लाओस की अपनी दो दिन की यात्रा के पहले दिन राजधानी विएनतिएन में लाओस रामायण पर आधारित रामलीला के एक अंक का मंचन देखा और सब पर श्रीराम की कृपा का आह्वान किया।

यह संयोग है कि श्री मोदी ने लाओस में विजयादशमी का मंचन ऐसे समय देखा जबकि यह उनकी सरकार द्वारा पूर्व के देशों के साथ मिल कर काम करने की लुक ईस्ट पालिसी के 10 वर्ष पूरे हुये हैं और भारत में प्रथम शारदीय नवरात्र के दसवें दिन मनाया जाने वाला दशहरा शनिवार को मनाया जायेगा। श्री मोदी ने लुक ईस्ट पॉलिसी के 10 वर्ष पूरे होने पर भारत की ओर से आसियान के साथ सहयोग की एक 10 सूत्री नयी पहल की भी घोषणा की।

श्री मोदी ने लाओस में रामलीला देखने के बाद उसके आंशिक वीडियो के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। प्रधानमंत्री ने इस पोस्ट में कहा, 'विजयादशमी कुछ ही दिन दूर है और



आज लाओस पीडीआर में मैंने लाओ रामायण का एक हिस्सा देखा, जिसमें प्रभु श्री राम की रावण पर विजय को दर्शाया गया है। यह देखकर खुशी हुई कि यहां के लोग रामायण से जुड़े हुये हैं। प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे!' श्री मोदी प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन के निमंत्रण पर इस समय लाओस की यात्रा पर है। उन्होंने यात्रा के पहले दिन भारत-आसियान शिखर बैठक भाग लिया। श्री मोदी पूर्व एशियायी देशों के शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इससे पहले श्री मोदी के विएनतिएन पहुंचने पर लाओ में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने उनके स्वागत के लिये एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में स्त्री-पुरुष और बच्चे-बूढ़ों ने प्रधानमंत्री का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया।

श्री मोदी यात्रा के पहले दिन लाओस के प्रतिष्ठित भिक्षुओं से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद के लिये आभार जताया। श्री मोदी ने इस अवसर लाओस में पाली भाषा को मिल रहे सम्मान को देख कर प्रसन्नता प्रकट की। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने हाल में पांच और भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है, जिसमें प्राकृत और पाली भी है।

प्राचीन बौद्ध साहित्य का अधिकांश पाली भाषा में पाया जाता है। श्री मोदी दिन में भारत के सहयोग से लाओं में एतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों के संरक्षण कार्य की प्रगति का जायजा भी लिया, जिसमें वाट फोऊ (फोऊ मंदिर परिसर) का संरक्षण कार्य भी शामिल है। इस अवसर पर उनके साथ संरक्षण कार्य से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ को मिलेंगे 6070 करोड़, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री का जताया आभार



रायपुर (दावा)। केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ को इन दिनों काफी सपोर्ट मिल रहा है। आर्थिक स्तर पर छत्तीसगढ़ को सुदृढ करने की दिशा में हाल के दिनों केंद्र ने काफी सहयोग दिया है। उसी कड़ी में केंद्र की तरफ से राज्य सरकार को 6070 करोड़ रुपये मिलने जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ को ये राशि कर हस्तांतरण के तहत दिया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर लिखा है कि, छत्तीसगढ़ राज्य को कर हस्तांतरण के तहत 6,070 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार।

त्योहारों के उपलक्ष्य में यह राशि मोदी सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को मिला अनुपम उपहार है। निश्चित ही इस राशि से वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, जो विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी, साथ ही जनकल्याण के कार्यों में भी तेजी आएगी। डबल इंजन की हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL ELECTRICALS & SOLAR
हमारी सेवाएं
रेजिडेंशियल
कमर्शियल
होटल, हॉस्पिटल
पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा
राजनांदगांव 491441

# नेकां विधायक दल के नेता चुने गये उमर, होंगे जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री



श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, जो जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली निर्वाचित सरकार के गठन की दिशा में बड़ा कदम है। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों ने श्रीनगर में एक बैठक में भाग लिया, जिसके दौरान श्री अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में चुनाव को मंजूरी दी गयी। नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे।

विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि श्री अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। उन्होंने कहा, उमर को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# साउथ कोरिया की हान कांग को साहित्य का नोबेल

**इंसानी जीवन के बिखराव और ट्रॉमा को कहानियों में पिरोने के लिए मिला सम्मान**



स्टॉकहोम। साहित्य के नोबेल प्राइज 2024 की घोषणा हो गई है। इस साल ये प्राइज साउथ कोरिया की हान कांग को मिला है। उन्हें जीवन की मार्मिक कहानियों को खूबसूरत अंदाज में पेश करने के लिए सम्मान मिला है। हान कांग ने 1993 में अपने करियर की शुरुआत कविताएं लिखने के साथ की थी। 1995 में उन्होंने कहानियां लिखना शुरू कर दिया था।

हान कांग नोबेल प्राइज जीतने वाली 18वीं और पहली कोरियाई महिला हैं। इससे पहले उन्होंने 2016 में उपन्यास 'द वेजिटेरियन' के लिए मैन बुकर इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। इस उपन्यास ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई थी। नोबेल कमेटी ने हान कांग की एक नॉवेल 'ग्रीक लेसन' की खासतौर पर चर्चा की है। ये एक लड़की की कहानी है जो अपने जीवन के कष्टों की वजह से आवाज खो चुकी होती है। उसकी मुलाकात एक ग्रीक पढ़ाने वाले टीचर से होती है जो अपनी आंखों की रोशनी खो रहा है।

## हान कांग ने 1993 में साहित्य में अपना करियर शुरू किया था

हान कांग ने 1993 में साहित्य में अपना करियर शुरू किया था। इससे पहले मेडिसिन, फिजिक्स और केमिस्ट्री के नोबेल प्राइज की घोषणा हो चुकी है। मेडिसिन के लिए विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन, फिजिक्स के लिए जैफ्री ई. हिंटन और जॉन जे. होपफील्ड और केमिस्ट्री का नोबेल डेविड बेकर, जॉन जम्पर और डेमिस हसाबिस को दिया गया है। नोबेल कमेटी पर चुनिंदा देशों के नागरिकों को प्राइज देने के आरोप लगते रहे हैं। इसलिए इस बार कमेटी ने इस दायरे को बढ़ाते हुए साउथ कोरिया की लेखिका को प्राइज दिया है। ये नोबेल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन 14 अक्टूबर तक चलेगा। विजेताओं को 8.90 करोड़ की इनाम राशि दी जा रही है।

## नॉर्वे के राइटर जॉन फॉसे को मिला था 2023 में साहित्य का नोबेल

साहित्य का नोबेल प्राइज 2023 में नॉर्वे के राइटर जॉन फॉसे को दिया गया था। उन्हें ये प्राइज उनके नाटकों और कहानियों के लिए दिया गया था। उन्होंने नाटकों और कहानियों के जरिए उन लोगों को आवाज दी है जो अपनी बातें कहने में सक्षम नहीं थे। जॉन ने अपने नाटकों में ड्रामा के जरिए उन इंसानी भावनाओं को जाहिर किया है जो आमतौर पर जाहिर नहीं की जा सकती हैं। जिसे समाज में टैबू समझा जाता है।

जॉन ने अपने पहले ही उपन्यास शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नए सीएम हाउस से काम शुरू : साय बोले- यह 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों का निवास, इसके दरवाजे जनहित के लिए सदैव खुले हैं



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने नए निवास में विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद उन्होंने नए आवास से काम-काज शुरुआत किया। वहीं सीएम साय ने सीएम साय ने ट्वीट करते हुए कहा कि, यह निवास प्रदेश की 3 करोड़ जनता का निवास है। जिसके दरवाजे जनहित के लिए सदैव खुले हैं। साय नवरात्रि में ही गृह प्रवेश की पूजा कर चुके हैं।

दरअसल सीएम साय ने आज अपने नए सीएम हाउस में पूरे परिवार के साथ विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा की। इस दौरान दुर्गा अष्टमी के अवसर पर उन्होंने नव कन्या भोज भी करवाया। साथ ही सीएम साय ने नए बंगले से ही अपने काम-काज की शुरुआत की है।

नए सीएम हाउस का निर्माण नया रायपुर पूरा सेक्टर 24 हो चुका है। 8 एकड़ में सर्वसुविधायुक्त सीएम का बंगला बना है। नवरात्रि में ही गृह प्रवेश की पूजा कर चुके हैं।

# झारखंड-महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान शीघ्र

नई दिल्ली। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से निपटने के बाद निर्वाचन आयोग का ध्यान अब झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर है। इसकी घोषणा आयोग कभी भी कर सकता है। वैसे जो संकेत मिल रहे हैं, उसके तहत ज्यादा से ज्यादा अगले हफ्ते की शुरुआत तक दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। इस बीच, आयोग ने गृह मंत्रालय सहित दूसरी एजेंसियों के साथ दोनों राज्यों की चुनावी तैयारियों को लेकर भी चर्चा की है। साथ ही उसे अंतिम रूप दिया है। इससे पहले आयोग दोनों राज्यों का दौरा कर चुनावी तैयारियों का आकलन कर चुका है।




## महाराष्ट्र में कब होंगे विधानसभा चुनाव?

आयोग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, महाराष्ट्र में विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक ही है। ऐसे में यहां इससे पहले चुनाव करा लिए जाएंगे। वैसे भी चुनाव के लिए करीब चालीस दिन का समय दिया जाता है। ऐसे में इसकी घोषणा में अब और देरी संभव नहीं है। इसे सिर्फ एक-दो दिन आगे-पीछे किया जा सकता है।

## झारखंड में कब होंगे विधानसभा चुनाव

वहीं, झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 तक है। ऐसे में इस चुनाव को आगे बढ़ाया जा सकता है लेकिन दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ने के चलते इसे अब तक महाराष्ट्र के साथ ही करा लिया जाता है। आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो दोनों राज्यों में चुनाव की घोषणा की तैयारी पूरी हो चुकी है।

## चुनाव की तैयारी

आयोग के अधिकारियों के स्थानांतरण में देरी के मामले महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाने के बाद अधिकारियों का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। हालांकि, इसके बाद भी आयोग राज्य में अधिकारियों के स्थानांतरण पर अपनी पैनी नजर रखे हुए है। माना जा रहा है कि चुनाव की घोषणा के बाद उसे जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वह उससे सख्ती से निपटेगा। हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दौरान भी आयोग ने स्थानांतरण नीति का पालन न करने पर बड़ी संख्या में अधिकारियों को हटा दिया था। चुनाव आयोग से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7.0 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुये गुरूवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

विश्व बैंक ने आज जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है। इससे पहले की रिपोर्ट की तुलना में चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास अनुमान में 0.7 प्रतिशत की और अगले वित्त वर्ष के अनुमान में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। उसने कहा है कि अपेक्षा से अधिक कृषि उत्पादन और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों से निजी खपत में मजबूत वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में वृद्धि इस वर्ष 6.4 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के अनुमानों




से अधिक है और इस क्षेत्र को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने अपने क्षेत्रीय दृष्टिकोण में कहा है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता को अनलॉक करने से इस क्षेत्र को और भी तेजी से बढ़ने और अपने विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

इसमें कहा गया कि महिला, रोजगार और विकास में क्षेत्र में व्यापक आधार पर उछाल का अनुमान लगाया गया है, जिसे भारत में मजबूत घरेलू मांग और अधिकांश अन्य दक्षिण एशियाई देशों में तेजी से सुधार का समर्थन प्राप्त है। अगले दो वर्षों तक विकास दर 6.2 प्रतिशत प्रति वर्ष रहने की उम्मीद है। यह पूर्वानुमान खराब मौसम, ऋण संकट और सामाजिक अशांति सहित नकारात्मक जोखिमों के अधीन है। नियोजित सुधारों में देरी जैसे नीतिगत गलत कदम भी क्षेत्र को पीछे धकेल सकते हैं। नाजुक राजकोषीय और बाहरी स्थिति इन जोखिमों के खिलाफ बहुत कम बचाव छोड़ती है।

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रेजर ने कहा, दक्षिण एशिया का परिदृश्य निस्संदेह आशाजनक है, लेकिन यह क्षेत्र अपनी पूर्ण आर्थिक क्षमता का एहसास करने के लिए और अधिक कर सकता है। अधिक महिलाओं को कार्यबल में शामिल करने और वैश्विक निवेश और व्यापार में बाधाओं को दूर करने के लिए प्रमुख नीतिगत सुधार विकास को गति दे सकते हैं। हमारे शोध से पता चलता है कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# आज नवरात्र अष्टमी हवन-पूजन की रहेगी धूम, यज्ञीय आयोजन में आहूति देकर कन्या पूजन होगी

**नौ-कन्या पूजन सहित जगह-जगह भंडारा महाप्रसादी कार्यक्रम रहेगा आयोजित, दो दिनों की अष्टमी तिथि से भ्रम का रहा वातावरण**

राजनांदगांव (दावा)। आज नवरात्र पर्व की अष्टमी और नवमी तिथि एक साथ होने की वजह से शुक्रवार 11अक्टूबर को दुर्गा पंडालों सहित मातारानी के दरबारों में अष्टमी व नवमी हवन-पूजन की धूम रहेंगी। बता दें कि इस बार नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि 11 अक्टूबर शुक्रवार को पड़ रही है। इसलिए आज ही दुर्गा पंडालों सहित ज्योति जंवारा स्थलों व देवी मंदिरों में अष्टमी हवन का कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा।

बता दें कि शहर में कई स्थानों के दुर्गा पंडालों में एक दिन पूर्व ही गुरुवार को अष्टमी तिथि मान कर दुर्गाष्टमी हवन सम्पन्न कर लिए गए। वहीं आज शुक्रवार नवरात्र अष्टमी व नवमी तिथि को ज्यादातर स्थानों में हवन- पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। आज शहर के गायत्री शक्तिपीठ सहित पाताल भैरवी मंदिर, माता देवाला शीतला मंदिर, सुनार पारा, काली माई मंदिर भरकापारा, महामाई मंदिर कसाई पारा, चंडी मंदिर लखोली नाका, फिरंतीन माता मंदिर नंदई व बसंतपुर सहित अन्यान्य देवी मंदिरों में हवन- पूजन का कार्यक्रम आयोजित रहेगा।



लोग अपनी श्रद्धानुसार मातारानी में फल-फूल नारियल व प्रसादी चढ़ाकर यज्ञ-हवन के कार्यक्रम में भाग लेंगे व भक्त जनों द्वारा देवी मां को यज्ञाहुति प्रदान कर अपने घर परिवार की खुशहाली सुख शांति व समृद्धि की दुआएं मांगी जाएगी। बता दें कि नौ-रात्रि के नौ-दिनों तक मां अम्बे भवानी, दुर्गा महारानी के प्रति की गई साधना उपासना आराधना व जप-तप पूजा-पाठ का फल नवरात्रि की अष्टमी तिथि को आयोजित यज्ञ-हवन में आहुति प्रदान करने से मिलता है। इसलिए अष्टमी तिथि को यज्ञ-हवन किए जाने की महत्ता है। उक्त के तहत आज शहर सहित जिले भर के दुर्गा पंडालों सहित देवी मंदिरों व ज्योत-जंवारा स्थलों में हवन-पूजन की धूम रहेंगी।

### नौ-कन्याओं का पूजन

यज्ञ-हवन के साथ ही आज नौ-कन्या पूजन की धूम रहेंगी। इसी के साथ भोज-भंडारा कार्यक्रम भी सम्पन्न किए जाएंगे। कन्या पूजन के लिए आज दो- तीन वर्ष से लेकर दस - बारह वर्ष के नव कन्याओं की खासी मांग बनी रहेगी। नवरात्रि के नौ दिनों तक मातारानी की जप-तप, साधना उपासना करने वाले भक्त जन व दुर्गा पूजन समिति वाले भी हवन-पूजन पश्चात नौ कन्या पूजन व महाप्रसादी कार्यक्रम में जुटे रहेंगे। नौ-कन्याओं को बुला कर तथा उन्हें आसन में बिठाकर बड़े प्यार से उनका चरण पखारा जाएगा तत्पश्चात उनके पैरो में मातारानी की तरह साज श्रृंगार करते हुए महावर व नख पालिश लगाई जाएगी तथा उन्हें सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं भेंट की जाएगी और उनके हाथों में दान-दक्षिणा प्रदान कर व उनके चरण स्पर्श कर उन्हें खुशी-खुशी विदा किया जाएगा। इस दौरान मातारानी के प्रति श्रद्धा-भक्ति का स्वरुप इन नौ-कन्याओं में लोगों को देखने मिलेगा। लोग इनमें मातारानी का स्वरुप देखकर नत मस्तक और निहाल होंगे। बहरहाल आज अष्टमी/नवमी तिथि को अंचल भर में यज्ञीय अनुष्ठान व हवन-पूजन की बयार बहेगी जिससे उठने वाली यज्ञ धूम्र से वातावरण महक उठेगा। लोग अष्टमी हवन पूजन कर माता के प्रति श्रद्धा से भर उठेंगे और शीश नवा कर अपने घर-परिवार सहित सबकी खुशहाली की कामना की जाएगी।

# कलेक्टर एवं एसपी ने दुर्गा उत्सव समिति और दशहरा उत्सव समितियों की ली बैठक

**दशहरा आयोजन और विसर्जन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा आयोजन के संबंध में दुर्गा उत्सव समिति और दशहरा उत्सव समितियों की बैठक ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव बहुत बढ़िया शहर है। उन्होंने दशहरा उत्सव समितियों को संस्कारधानी के अनुरूप ही कार्यक्रम आयोजित करने कहा। दशहरा आयोजन समितियों को सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बेरिकेटिंग, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शार्ट सर्किट से बचने के लिए पहले से विद्युत व्यवस्था को अच्छे से जांच करने कहा। साउंड सिस्टम को एक निर्धारित दूरी पर रखने कहा, जिससे सभी को एक जैसे डेसिबल में साउंड मिल सके। उन्होंने दशहरा आयोजन समितियों को पर्याप्त मात्रा में वालिंटियर रखकर उन्हें सेक्टर आबंटित करने के निर्देश दिए। जिससे सारी व्यवस्था अच्छे से हो सके।

कलेक्टर ने मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों से जानकारी ली। उन्होंने मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की साफ-सफाई, क्रेन, गोताखोर और लाईट की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दशहरा कार्यक्रम के लिए जारी पास में गेट नंबर अवश्य दर्शाने को कहा। जिससे किसी को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दशहरा आयोजन समिति को स्टेज और उसके आस-पास पर्याप्त मात्रा में फायर सिलेण्डर रखने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा सहित दशहरा उत्सव समितियों के पदाधिकारी और दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में नवरात्रि के उपलक्ष्य में देवी मां के भजन और गरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा माता अंबे के पूजन और आरती से की गई। इसके बाद सभी उपस्थित जनों ने मिलकर मां की स्तुति में भजन गाए। भजनों की पवित्र ध्वनि ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। गरबा का आयोजन भी बेहद उत्साहजनक रहा, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने गरबा नृत्य में अपनी पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज के अध्यापक और छात्र दोनों ही गरबा के रंग में रंगे हुए नजर आए। गुजराती थीम में छात्रों का गरबा देखते ही बनता था और पूरे कार्यक्रम ने नवरात्रि के इस खास पर्व को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के अंत में माता रानी का हलवा-पुड़ी से बना प्रसाद वितरित किया गया, जिससे सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

### उदय सेवा समाज का पुनर्गठन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर वार्ड नं. 9 में विगत दिवस बैठक आहूत कर उदय सेवा समाज का पुनर्गठन किया गया, जिसमें अशोक कोर्राम उस्ताद, सुनील बंसोड़ लोकगायक मंत्री, शिव वर्मा पार्षद, रामचंद साहू, नाथूराम देवांगन संरक्षकगण, सदस्यगण नरोत्तम यादव, नंदकुमार देवांगन, चुन्नी साहू, पारख साहू, खोमलाल देवांगन, दिनेश देवांगन, उमेन्द पटेल, मोहन देवांगन, अनिल यादव, गणेश श्रीवास्तव, रोहित साहू, राकू यादव, कपिल साहू, दिनेश साहू, शिवराज सिन्हा, राजेश साहू, रेखालाल वर्मा, कुंदन पटेल साथ ही नये सदस्य गंगाराम पाण्डे का सेवा समिति ने आभार प्रकट किया।

### नगर पालिक आम निर्वाचन हेतु राजनीतिक दलों की बैठक 14 अक्टूबर को

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक आम निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य हेतु प्राप्त समय अनुसूची के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक 14 अक्टूबर को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# पं. विनोद गोस्वामी को बागेश्वर धाम में प्रदाय किया राजनांदगाँव रत्न सम्मान



राजनांदगाँव (दावा)। संस्कारधानी में माँ बम्लेश्वरी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल श्री बागेश्वरधाम मंदिर भवन हॉल में भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी को अध्यात्म धर्म सेवा प्रसार के क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट अतुलनीय कार्यो हेतु राजनांदगाँव रत्न का सम्मान दिया गया, जिसमें 21 सेवा, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित थे।

उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, निकुंज सिंघल, योगेश साहू, अध्यक्ष द्वय संदेश जैन, श्रीमती मधु खंडेलवाल, सचिव सूरज गुप्ता द्वारा बताया गया कि संध्या गोधूली बेला में बागेश्वर महादेव, माँ बम्लेश्वरी दुर्गा माता की महाआरती की गई तत्पश्चात् पं. विनोद गोस्वामी द्वारा माता की महिमा पर प्रवचन दिया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित नगर की 21 संस्थाओं श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट (सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, विजय गुप्ता, लक्ष्मीदेवी गुप्ता) दिया संघटन गायत्री परिवार (सुखमण पुरोहित) श्री बालरत्न मंच सेवा समिति (मनीष यादव, महेश शर्मा) श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट, सुमिति मंडल (अशोक लोहिया सुरेश चौरडिया) कस्तूरबा महिला मंडल (शारदा तिवारी, अनिता जैन, आशा गुप्ता), सकल जैन समाज(मनोज बैद) बढ़ते कदम (राजा माखीजा), शिवनाथ तट क्षेत्रिय समिति (डी.सी.जैन आमलेन्दू हाजरा), पूज्य सिंधी समाज (गुरुमुख दास वाधवा), पूर्व सैनिक संघ (राजेश शर्मा), वरिष्ठ पत्रकार (अशोक पांडे) कसौधन वैश्य समाज (शरद गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, राधेकृष्ण गुप्ता), ठेठवार यादव समाज (रितेश यादव), विश्व जागृति मिशन(साधना खंडेलवाल), शनिधाम परिवार (राकेश ठाकुर, शैलेन्द्र तिवारी), आस्था मूक बधिर संस्था (हेमंत तिवारी), खंडेलवाल समाज(हरीश खंडेलवाल) आराधना महिला मंडल (सरस्वती महेश्वरी), अग्रहरि वैश्य समाज (मनोज अग्रहरि), लायंस क्लब ऑफ नांदगाँव (दिलीप खंडेलवाल), पर्यावरण संरक्षण संस्था(विनय साहू) व अन्य समाज सेवियों, सेवकों उपस्थित नागरिको द्वारा पुष्प वर्षा के पश्चात् पं. विनोद गोस्वामी को राजनांदगाँव रत्न का सम्मान प्रतीक चिन्ह व शॉल श्रीफल भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति की स्वागत अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा मातारानी का सुप्रसिद्ध जसगीत आरूग, दिय ना, बाती की शानदार प्रस्तुती दी गई । इसके पश्चात् माता की महाप्रसादी सर्वप्रथम नौ कन्या पूजन कर उन्हें महाप्रसादी देने के पश्चात् भंडारा प्रसादी आरंभ किया गया। जिसे उत्सव भवन हॉल के साथ-साथ मंदिर प्रांगण में भी प्रसादी भंडारा रात्रि 12.30 तक हजारों भक्तों द्वारा ग्रहण किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण सौरभ खंडेलवाल, संचालन पंकज गुप्ता आभार प्रदर्शन अशोक लोहिया, संदेश जैन, मधु खंडेलवाल द्वारा किया गया।

# खेलो इंडिया लघु केन्द्र में हॉकी खिलाड़ियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण, ट्रायल 15 अक्टूबर को

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले में संचालित खेलो इंडिया लघु केन्द्र में खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु खिलाडियों के लिए स्थान रिक्त है, जिसकी भर्ती हेतु राजनांदगांव जिले के खिलाडियों के लिए 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ में एक दिवसीय हॉकी का ट्रायल लिया जाएगा। हॉकी के ट्रायल में शामिल होने के लिए वर्ष 2009 से 2015 के मध्य जन्म लेने वाले इच्छुक एवं पात्र बालक-बालिका खिलाड़ी जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

# आज कबीर मठ धाम नादिया में ध्वजारोहण एवं मंगतू ठाकुर की पुण्य स्मृति

राजनांदगांव (दावा)। सद्गुरू सेवा साहेब ने दानवीर मंगत ठाकुर के सहयोग से कबीर मठ धाम नादिया की स्थापना किए थे। संत श्री सेवा साहेब जी परम विरक्त संत थे। नादिया के मालगुजार मंगतू ठाकुर ने सद्गुरु सेवा साहेब के समक्ष अपना तन-मन-धन समर्पित कर साहेब जी से निवेदन किया कि आप यहां सद्गुरु कबीर साहेब का आश्रम स्थापित करें और उनके वाणी-वचनों का देश दुनिया में प्रचार करें। इस प्रकार नादिया मठ की स्थापना हुई। दानवीर मंगतू ठाकुर की इच्छा थी कि उसकी समाधि आश्रम में बनाया जाए और उस पर प्रत्येक वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित हो। कबीर पंथ का श्वेत ध्वज सत्य, शांति और निज स्वरुप आत्मा का प्रतीक है, जो हमें सत्य पथ पर चलकर शांति को प्राप्त करते हुए आत्म कल्याण हेतु प्रेरित करता है। ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे किया जाएगा उसके पश्चात 2:00 बजे से 6:00 बजे तक सत्संग भजन प्रवचन एवं सात्विक चौका आरती नादवंशाचार्य पंथ हुजूर स्वामी मंगल साहेब के कर कमलों से संपन्न होगा। शाम 7:00 बजे शोभा यात्रा के पश्चात भोज भंडारा का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी कबीर मठ नादिया के तत्वाधान में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक स्वरांजलि सिहावा नगरी का कार्यक्रम आयोजित है। मठ के धर्माधिकारी संत सत्येंद्र साहेब ने सभी संतो एवं भक्तों से विनम्र आग्रह किये कि इस पुनीत कार्यक्रम में सभी अपनी सहभागिता प्रदान करें।


**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007


### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-6
588-1 490-3
राजधानी
3-5-7
146-1 479-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

ता. 10 से रोजाना 4 खेलों में

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

**वेट्टैयन द हंटर**

कलाकार - राजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th OCT to 17th OCT 2024




Vicky Vidya Ka Who Wala Video - 12:30, 03:30, 06:30, 09:15 and 09:30 pm

Jigra - 12:00, 03:00, 06:00, 06:15 and 09:00 pm

Vettaiyan (Hindi) - 12:15, and 03:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-पुअराज/एसी-1/निविदा क्रमांक/243-246/2024 — राजनांदगांव, दिनांक- 09.10.2024

पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र अ में निम्नानुसार ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा आमंत्रित किया जाता है -

| निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदाकारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 244 | आईटीबीपी कैम्प बागनदी में मरम्मत कार्य। | 2.50 | 2500 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे अधिक |
| 245 | आईटीबीपी कैम्प कन्हारगांव में मरम्मत कार्य। | 4.81 | 5000 | |
| 246 | आईटीबीपी कैम्प जोब में मरम्मत कार्य। | 3.50 | 3500 | |

निविदा निःशर्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के कार्यालय में रखी हुई सीलबंद पेटी में दिनांक-16.10.2024 के 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं प्राप्त निविदाओं को दिनांक-16.10.2024 के 4.00 बजे उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति निविदा रू. 750/- की राशि का चालान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के नाम से लेखा शीर्ष-0055 एम. पी. आर., उप शीर्ष-800 अन्य रिसिप्ट के नाम से स्वीकार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनोंक-15.10.2024 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा कार्य की अवधि वर्षा ऋतु सहित दो माह की होगी। निविदाकारों को नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुलिस विभाग थाना/चौकी/बेस कैम्प में सफलतापूर्वक निर्माण कार्य किये जाने का अनुभव होना अति आवश्यक है। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी / शर्तें अधोलिखित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जी- 242503111/4

पुलिस अधीक्षक
जिला राजनांदगांव,(छ.ग.)

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ. / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 03/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिशचंद्र पिता बद्रीप्रसाद, निवासी बिजेतला, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्त की भूमि ग्राम घुमका, पटवारी हल्का नंबर 0006, खसरा नंबर 1671/6, रकबा 0.0240 हेक्टेयर के आवासीय प्रायोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/नक्शा/ ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/ नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत् जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने आधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 17/10/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ. / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 03/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलेन्द्र कुमार पिता थानूराम, निवासी इरईकला, पोस्ट बिजेतला, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्त की भूमि ग्राम घुमका, पटवारी हल्का नंबर 0006, खसरा नंबर 1671/7, रकबा 0.0240 हेक्टेयर के आवासीय प्रायोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/नक्शा/ ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/ नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत् जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने आधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 17/10/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

## न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202410003800011
अ/20 (1) वर्ष-2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय श्रीवास्तव निवासी दीवानपारा राजनांदगांव द्वारा नजूल नियमित के संधारण खसरा में मोहल्ला दीवानपारा भूखण्ड क्रमांक 648 क्षेत्रफल 0.03 जो कि धारक नोहरा आ. नारायण सोनार के नाम पर दर्ज है उक्त भूखण्ड का भू-भाटक निर्धारण कर पट्टा प्रदाय किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्ड का भू भाटक निर्धारण कर आवेदक को स्थाई पट्टा प्रदाय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 18/10/2024

नजूल अधिकारी, राजनांदगांव

## न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202410093800012
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय श्रीवास्तव निवासी दीवानपारा राजनांदगांव द्वारा नजूल नियमित के संधारण खसरा में मोहल्ला दीवानपारा भूखण्ड क्रमांक 647 क्षेत्रफल 0.05 जो कि धारक सुकलाल आ. बद्रीबाबू श्रीवास्तव के नाम पर दर्ज है उक्त भूखण्ड का भू भाटक निर्धारण कर पट्टा प्रदाय किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्ड का भू भाटक निर्धारण कर आवेदक को स्थाई पट्टा प्रदाय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 18/10/2024

नजूल अधिकारी, राजनांदगांव

## न्यायालय तहसीलदार, घुमका, जिला-राजनांदगांव

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202407090100023/ अ-21(4), वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजनांदगांव के पत्र क्रमांक/ जिव्याउके-राज/ भू-अर्जन/ भू.क्र.नी. /2024/1596, राजनांदगांव दिनांक 22-07-2023 के माध्यम से आवेदक श्री बुधारू राम आत्मज बिजेराम, जाति तेली, निवासी ग्राम व पोस्ट पटेवा, तहसील घुमका द्वारा अपने संयुक्त नाम की ग्राम पटेवा, तहसील-घुमका स्थित शासकीय पट्टे में प्राप्त भूमि खसरा नम्बर 22/13 कुल रकबा 2.023 हे. को औद्योगिक प्रयोजन (फूडपार्क की स्थापना) हेतु उद्योग विभाग को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने का निवेदन किये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका तथा आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 14-10-2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25-09-2024 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

संवाद:-41735/2

तहसीलदार
घुमका, जिला राजनांदगांव

## न्यायालय तहसीलदार, घुमका, जिला-राजनांदगांव

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202407090100029/ अ-21(4), वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजनांदगांव के पत्र क्रमांक / जिव्याउ के-राज / भू-अर्जन / भू.क्र.नी. /2024/1596, राजनांदगांव दिनांक 22-07-2023 के माध्यम से आवेदक श्री रंजन लाल वर्मा आत्मज श्री फूलचंद, निवासी मकान नम्बर 321, वार्ड नम्बर 55, बघेरा, दुर्ग द्वारा अपने संयुक्त नाम की ग्राम पटेवा. तहसील-घुमका स्थित शासकीय पट्टे में प्राप्त भूमि खसरा नम्बर 22/18 कुल रकबा 2.023 हे. को औद्योगिक प्रयोजन (फूडपार्क की स्थापना) हेतु उद्योग विभाग को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने का निवेदन किये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका तथा आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 14-10-2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25-09-2024 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

संवाद:-41728/2

तहसीलदार
घुमका, जिला राजनांदगांव

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

**// शुध्दि पत्र //**

इस कार्यालय की निविदा, निविदा सूचना क्रमांक 06 दिनांक 02.10.2024 के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडो के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास गहरे नलकूप खनन कार्य (दिये गये शेड्यूल अनुसार) की मुहरबंद समूहवार निविदाएं प्रपत्र ''ए'' में आंमत्रित की गई है जिसमें निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| समूह क्रं. | अनुमानित लागत (रू. लाख में ) | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2.16 | 2200 |
| 2 | 3.93 | 4000 |
| 3 | 17.3 | 13000 |
| 4 | 19.67 | 14800 |
| 5 | 16.22 | 12200 |
| 6 | 19.67 | 14800 |
| 7 | 11.89 | 9000 |
| 8 | 17.05 | 12800 |

साथ ही राजनांदगांव जिले के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास गहरे नलकूप खनन कार्य (दिये गये शेड्यूल अनुसार) से स्थान पर राजनांदगांव जिले के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडो के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास गहरे नलकूप खनन कर हस्तपंप स्थापना का कार्य (दिये गये शेड्यूल अनुसार) पढ़ा समझा जावे तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 (प्रत्येक समूह के लिये) निर्धारित है एवं निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

जी- 242503132/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड,
राजनांदगांव (छ.ग.)

# प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के करकमलों से हुआ दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण



**39.50 लाख रूपये की लागत से बनने वाले मंगल भवनों को हुआ भूमिपूजन**

खैरागढ़ (दावा)। जिले के प्रभारी व वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन गुरूवार को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान वे दिवंगत राजा देवव्रत सिंह व छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम और लाखों रूपये के विकास कार्यों की भूमिपूजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम मंत्री लखनलाल देवांगन का गुरूवार दोपहर को खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला कार्यालय आगमन हुआ। तत्पश्चात उन्होंने जिला कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के दुर्गा चौक सिविल लाइन में नवनिर्मित आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण सदैव लोगों को अपनी धरती माता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। दिवंगत राजा देवव्रत सिंह खैरागढ़ रियासत के राजा थे। प्रजातंत्र की व्यवस्था आयी तो उन्होंने जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र के विकास को लेकर काम किया। उन्होंने कहा कि जनमानस की आकांक्षा थी, कि दशहरा से पूर्व उनकी प्रतिमा अनावरण हो और हमने जनमानस की आकांक्षाओं का ख्याल रखते हुए, आज उनकी प्रतिमा का अनावरण किया है। सभी की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद संतोष पांडे ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ को महतारी का दर्जा दिया है। आज खैरागढ़ जिला कार्यालय परिसर में बहुत विशाल और भव्य प्रतिमा का प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के करकमलों से अनावरण किया गया है। उन्होंने दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर कहा कि वे ऐसे राजा थे,जो सबको स्नेह करते थे, वे सांसद–विधायक रहे। सबकी इच्छा थी, कि उनके प्रतिमा का अनावरण जल्द से जल्द हो और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आज प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। सांसद संतोष पांडे ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर खैरागढ़ विधायक यशोदा निलांबर वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, छुईखदान जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीना विनोद ताम्रकार, खैरागढ़ नगरपालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि एवं सदस्य दूरसंचार सलाहकार समिति छत्तीसगढ़ भागवत शरण सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, सहित अन्य जिला अधिकारी और नगरपालिका के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के निधि से खैरागढ़ शहर के अलग–अलग वार्डो में 39.50 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवनों का निर्माण होना है, जिसके मुख्य अतिथि केसीजी जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड क्रमांक 04 राजपरिवार में रूख्खड़ बाबा मंदिर के पास, साहूपारा वार्ड क्रमांक 14 सोनेसरार, देवांगन पारा वार्ड क्रमांक 16 और अवंती पब्लिक स्कूल लाराबन के पास बनने वाले सामुदायिक भवन शामिल हैं।

# युवा कांग्रेस ने किया बासुला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जोरदार स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के बसुला में ममतामयी मिनी माता मूर्ति अनावरण, अवंती मंच लोकार्पण में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान सहित अन्य अतिथियों का युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष संदीप गहरवाल, गुरभेब माखीजा, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू के उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे अतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया, इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने काली माता में पूजा अर्चना कर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री व अतिथिगण वरिष्ट कांग्रेस नेता हेमंत वैष्णव, सौरभ वैष्णव के निवास पहुंचे, जहां परिवारजनों ने आत्मीय स्वागत किया। युकां अध्यक्ष के निवास में कार्यकर्ताओं से पूर्व मुख्यमंत्री ने लंबी चर्चा की व हाल-चाल जाना।

# दुर्गा विसर्जन के लिये विसर्जन कुंड की सफाई, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नवरात्रि पर्व में दुर्गा विसर्जन के लिये मूलभूत दायित्वों का निर्वाहन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। विसर्जन हेतु मोहारा नदी के पास स्थित विसर्जन कुण्ड का आज उपायुक्त मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।




दुर्गा विसर्जन के लिये कल से दो दिन अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। विर्सजन कुण्ड की सफाई कर पानी भरने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही सूचारू विसर्जन के लिये पण्डाल लगाया जा रहा है, इसके अलावा मूर्तियों के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है तथा विसर्जन कुण्ड के आस पास एवं शहर के सडकों की विद्युत व्यवस्था दुरूस्त की गयी है। सडको के गड्ढो में पेचवर्क किया जा रहा है।

उपायुक्त श्री अली एवं कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने निरीक्षण के दौरान शहर में समुचित साफ सफाई के निर्देश दिये है, उन्होंने कहा है कि शहर के प्रमुख तालाबों जहॉ जंवारा विसर्जन किया जायेगा वहा साफ सफाई करने के निर्देश दिये है, साथ ही शासन के निर्देशानुसार तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित किया गया है, मूर्ति का विसर्जन सिर्फ मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड में ही किया जायेगा। उन्होंने मंदिरों के आस पास साफ सफाई तथा शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने कहा है। विसर्जन में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धरित अवधि में अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे।

# लखोली संजय नगर से चुनरी यात्रा की हुई शुरुआत



**मां शीतला मंदिर परिसर में चुनरी यात्रा की हुई समाप्ति**

राजनांदगांव (दावा)। मां शीतला नवदुर्गा उत्सव समिति संजय नगर लखोली के द्वारा 9 अक्टूबर को भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें अध्यक्ष सहित समिति के सदस्य और युवा शामिल थे। पिछले 9 वर्षो से लगातार यह भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। संजय नगर से चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई और गाने की व धुमाल के धुन में युवक थिरकते हुए नजर आए माता रानी की सेवा करते हुए यह चुनरी यात्रा शहर के मुख्य चौक चौराहे से होते हुए शीतला मंदिर में समाप्त हुई जहां समिति के युवाओं के द्वारा मां शीतला मंदिर में चुनरी चढ़ाया गया।

जिले में चुनरी यात्रा की शुरुआत मां शीतला नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा किया गया, जो आज पूरे शहर का सबसे बड़ा चुनरी यात्रा रहती है, प्रतिवर्ष नवरात्र के सप्तमी के यात्रा निकाली जाती है।

# निर्माणी मजदूरों ने प्रदेश अधिवेशन में समस्याएं रखी

## नरेश साहू, भारती शर्मा, अल्का व सुदर्शन को बड़ी जिम्मेदारी

**राजनांदगांव(दावा)। भारतीय मजदूर संघ के सबद्ध छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ का एक दिवसीय अधिवेशन गत् दिनों भामसं कार्यालय रायपुर में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर के लगभग 23 जिलों से आये निर्माण मजदूरों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने जिलें का वृत्त रखा व क्षेत्र की समस्या से सभा को अवगत कराया।**



भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने प्रेस नोट में बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन करते हुये भामसं के प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय ने प्रदेश के निर्माणी मजदूरों की मालीदशा पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि हम छत्तीसगढ़ में निर्माण मजदूरों के सबसे बड़े संगठन है इस नाते इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करना हमारी अहम जवाबदेही है।

उन्होंने क्षेत्रवार मजदूर प्रतिनिधियों से चर्चा की, संगठन विस्तार के मंत्र दिये व आंदोलन प्रारंभ करने के निर्देश भी जारी किये व कहा कि भामसं राष्ट्रहित, उद्योग हित व मजदूर हित के व्यावहारिक सिद्धांत के आधार पर कार्य करने वाला संगठन है। हम केवल श्रमिक समस्याओं के लिये ही संघर्ष नहीं करते बल्कि मजदूरों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर रणनीति बनाते है।

विज्ञप्ति में आगे बताया कि दोपहर भोजन पश्चात् अंतिम सत्र में आगामी तीन वर्षो के लिये नई कार्यसमिति का चुनाव किया गया है जिसमें कोरबा की पूजा सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, बलरामपुर के प्रत्युश केसरी को महामंत्री का दायित्व दिया गया इसी प्रकार जिले से भी निर्माण मजदूरों को व्यापक प्रतिनिधित्व दिया गया जिसमें नरेश कुमार साहू को प्रदेश कोषाध्यक्ष की अहम् जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार अल्का बारसागढ़े को उपाध्यक्ष व सुदर्शन मानिकपुरी को संगठन मंत्री एवं भारती शर्मा को प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया गया। निर्वाचन के पश्चात् नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर बधाइयां दी गई।

# 75 लाख रु. की लागत से मोरकुटुम्ब में होगा नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण- मधुसूदन



**मोरकुटुम्ब के ग्रामवासियों ने मधुसूदन से स्कूल बिल्डिंग के शीघ्र निर्माण की दोहरायी थी मांग**

छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजनांदगॉंव जिला अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम मोरकुटुम्ब में नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण हेतु 75 लाख 23 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। मोरकुटुम्ब में हाईस्कूल भवन निर्माण की मांग काफी पुरानी है, जो स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा बार-बार शासन प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से की जाती रही है। पूर्व सांसद राजनांदगॉंव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने भी इन ग्रामवासियों की मांग पर शासन प्रशासन से पत्राचार करके मोरकुटुम्ब में हाईस्कूल भवन निर्माण का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में प्रावधानित करने हेतु प्रयास किया था, जिसपर राज्य शासन द्वारा सकारात्मक रूप से कार्यवाही करते हुए उक्त प्रस्ताव को इस वर्ष बजट में शामिल कर छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से विभागीय आदेश जारी करते हुए ग्राम मोरकुटुम्ब में नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने ग्रामवासियों को अवगत कराते हुए बताया है कि कलेक्टर राजनांदगॉंव द्वारा पी.डब्लू.डी. विभाग राजनांदगॉंव के कार्यपालन अभियंता को विभागीय पत्र के माध्यम से नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया है।

ग्राम मोरकुटुम्ब के ग्रामवासियों ने नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिये डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉंव, राजनांदगॉंव सांसद संतोष पाण्डे एवं पूर्व सांसद राजनांदगॉंव मधुसूदन यादव के प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद मधुसूदन दिनांक 02 अक्टूबर को ग्राम मोरकुटुम्ब में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे, तब ग्रामवासीगण मयाराम साहू, हरदेव कतलाम, सुरेश शोरी, प्रेमसिंग मंडावी, ज्ञानसिंग सोरी, जयसिंग शोरी, सुन्दरलाल मंडावी, अनीता शोरी, कुंवरिया साहू, शकुन कतलाम, गौरी नेरी, परसूराम मंडावी, चैनसिंग शोरी, धनबाराम पडोती, कमलेश्वरी साहू, मिथलेश्वरी साहू, रूपचंद उईके, गजेन्द्र शोरी, भग्गू साहू, बलवंत साहू, सेउक राम शोरी, डुगेश्वर दास साहू, धर्मेन्द्र कोमरे, देवानसिंग यादव, बोधन साहू, मानसिंग कुंजाम, विसाखा बाई, जैन लाल साहू, गैन्द सिंग नेरी, जीतू राम शोरी, रेखाबाई कुंजाम, गणेशराम साहू एवं अन्य ने अपने गॉंव में नवीन स्कूल भवन जल्द से जल्द बनवाने की मांग दोहराई थी, जिस पर श्री यादव ने ग्रामवासियों को तत्संबंध में किये गये पूर्व प्रयासों के बारे में अवगत कराते हुए शीघ्र ही उनकी मांग पूरी किये जाने का आश्वासन दिया था। इसके पश्चात् पूर्व सांसद मधुसूदन ने पुनः स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों, कलेक्टर राजनांदगॉंव एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित प्रशासकीय स्वीकृति जारी करवाने में सफलता प्राप्त की है।

# जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने हितग्राहियों का किया जा रहा पंजीयन

**866531 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु किया गया पंजीयन**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों के आधार पर निर्धारित लक्ष्य कुल 939886 है। जिसमें से 866531 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 92.20 प्रतिशत है। डोंगरगांव विकासखंड में 135700, डोंगरगढ़ विकासखंड में 205695, राजनांदगांव विकासखंड में 351196, छुरिया विकासखंड में 173940 आयुष्मान कार्ड पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या है।

आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाईल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदिकी स्वास्थ्य केन्द्रों, आधार सेवा केन्द्रों व च्वॉइस सेंटरों में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बना सकते है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु पात्र शेष हितग्राही 73355 में से 59578 हितग्राहियों का आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ हैं, वे आधार कार्ड अपडेट करवाने हेतु नजदीकी के आधार सेवा केन्द्रों में जाकर आधार कार्ड अपडेट कराएं, जिससे भविष्य में आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा सके। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी च्वॉइस सेंटर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर एवं पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौंक में भी जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बना सकते हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपए एवं शेष परिवार अर्थात एपीएल परिवारों को शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 50 हजार रूपए तक का लाभ योजना के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पात्रतानुसार ईलाज के दौरान बीमा राशि खत्म होने के उपरांत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत बीपीएल एवं एपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को 25 लाख रूपए तक आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड अनिवार्य हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर या निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में संपर्क किया जा सकता हैं।

राजनांदगांव में योजनांतर्गत 34 शासकीय एवं 30 निजी कुल 64 चिकित्सालय पंजीकृत हैं। 1 जनवरी 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक शासकीय चिकित्सालयों में कुल 26170 हितग्राहियों को 20 करोड़ 6 लाख 44 हजार 442 रूपए तक का निःशुल्क ईलाज योजनांतर्गत प्रदाय किया गया हैं। 1 जनवरी 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक निजी चिकित्सालयों में कुल 17 हजार 105 हितग्राहियों को 68 करोड़ 48 लाख 59 हजार 189 रूपए तक का निश्शुल्क ईलाज योजनांतर्गत प्रदाय किया गया हैं।

# कमला कालेज मैदान में विशालकाय रावण का होगा दहन, कार्यक्रम की हो रही भव्य तैयारी



**कटक की आतिशबाजी साहित, म्यूजिक माफिया बैंड की होगी रंगारंग सिंगिंग-डांसिंग की प्रस्तुति**

**लखोली स्कूल मैदान में जलेगा 51 फीट का रावण, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की होगी प्रस्तुति**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में विजयादशमी पर्व पर लगभग आधा दर्जन स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसे देखने लोगों की हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ेगी। बता दें कि शहर में विजयादशमी पर्व को लेकर लोगों में खासा उल्लास बना हुआ है वहीं रावण दहन के कार्यक्रम करने वाली समितियां भी इसकी तैयारी में जोर-शोर से जुटी हुई है। शहर में आयोजित होने वाले स्टेट स्कूल का राष्ट्रीय उत्सव समित वालो रावण दहन कार्यक्रम शहर में एक किस स्थान बनाए हुए हैं इसी तरह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में सम्पन्न होने वाले छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति का रावण वध कार्यक्रम का भी शहर में विशेष स्थान है। इसी क्रम में कमला कालेज मैदान में आयोजित होने वाले राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति का भी एक अलग स्थान बना हुआ है। शहर के उत्साही जनों की समिति द्वारा कमला कालेज मैदान में रावण वध का जोरदार कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ किया जाता है। शहर के जागरुक नेता रुबी गरचा के संयोजन में कमला कालेज मैदान में इसकी भव्य तैयारी की जा रही है।

श्री गरचा ने बताया कि 12 अक्टूबर शनिवार को कमला कालेज मैदान में विशालकाय रावण पुतले का दहन किया जाएगा। यह पुतला स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रावण वध दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में कटक की रंगीनियों से भरी आतिशबाजी आकर्षक का केंद्र बनी रहेगी व हजारों की भीड़ की उपस्थिति में धूमधाम से रावण वध किया जाएगा। तत्पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों के मनोरंजन के लिए बाहर से म्यूजिक माफिया बैंड को बुलाया गया है। उक्त बैंड द्वारा अपने दर्जनों कलाकारों के साथ सिंगिंग व मनमोहक डांसिंग की प्रस्तुति देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए श्री गरचा सहित आयोजन प्रभारी राहुल देवांगन व सचिव देवेंद्र साव, आफताब अहमद, बिन्नी आजमानी आदि की पूरी टीम जुटी हुई है।

आयोजन प्रभारी राहुल देवांगन ने बताया कि इस बार के रावण दहन कार्यक्रम में वीआईपी कल्चर को दूर किया गया है और पास सिस्टम से किनारा कर लिया गया है। राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव कार्यक्रम देखने के लिए सबको छूट रहेगी। कार्यक्रम देखने आने वाले लोगों के लिए ज्यादा कुर्सियों की व्यवस्था नहीं की गई है ताकि लोग खड़े-खड़े रावण वध व अन्य कार्यक्रम देखकर आनंद उठा सकें। इस बार समिति द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए कनफोड़ू आवाज वाले डीजे साउण्ड का उपयोग नहीं किया जा रहा। उसके स्थान पर सिर्फ साउंड सिस्टम का उपयोग किया जाएगा, ताकि सिमित जगह तक कार्यक्रम का आवाज पहुंचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर साहब से बात की गई है तथा उनसे मिसिंग में कहा गया है कि कमला कालेज मैदान के रावण वध कार्यक्रम में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार से आवागमन में परेशानी न हो सके। बहरहाल 12 अक्टूबर शनिवार को कमला कालेज मैदान में आयोजित होने वाले राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव कार्यक्रम की समिति वालों द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है और व्यवस्था बनाने में समिति के लोग जुटे हुए हैं।

शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली स्कूल मैदान में युवा संगठन द्वारा शनिवार को रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। संगठन के राज साहू ने बताया कि शाम पांच बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण से प्रभु श्री रामचन्द्र की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो लखोली के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए स्कूल मैदान में पहुंचेगी। इस अवसर पर लोक सांस्कृतिक संस्था 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' के मंझे हुए कलाकारों द्वारा रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन को लेकर लखोली के युवाओं का खासा उत्साह बना हुआ हैं और इसकी तैयारी में वे जुटे हुए हैं। संगठन के प्रवक्ता संतोष निर्मलकर ने बताया कि लखोली स्कूल मैदान में लगातार सोलह वर्षो से विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव में लखोली के पांच वार्ड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम का लुत्फ उठाने आते हैं जिससे कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बनती है। उन्होंने संगठन की ओर से लखोली स्कूल मैदान में 12 अक्टूबर की संध्या आयोजित होने वाले विजयादशमी उत्सव व रावण दहन कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

बता दें कि शहर में आयोजित होने वाले इन रावण दहन कार्यक्रम सहित गौरी नगर लेवर कालोनी व नंदई में भी धूमधाम के साथ रावण दहन कार्यक्रम किया जाता है। इन स्थानों में से रावण दहन कार्यक्रम की भव्य तैयारियां कुछ जा रही है।

# सीईओ जिला पंचायत ने की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जैम पोर्टल में पंजीयन करने कहा। पंजीयन में तकनीकी समस्या होने पर उच्च कार्यालय से संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्राईसिकल एवं अन्य सामग्री की खरीदी नियमानुसार जैम पोर्टल से करने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने दशहरा महोत्सव के दूसरे दिन ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाने, ग्रामों में महिला समूह, स्वच्छता दीदी, ग्रामवासी, ग्राम प्रमुख के साथ मिलकर सफाई हेतु निरीक्षण करने एवं गंदगी पाये जाने की स्थिति में पंचायत सचिवों एवं संबंधितों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करने निर्देशित किया। बैठक में पौधरोपण कार्य एवं प्रगति, अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे कार्य, जल शक्ति अभियान, कृषि एवं उद्यानिकी, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।


आदर्श सरस्वती समिति चौहान चौक


नव सरस्वती समिति अखराभाठा चौक


विश्वास सरस्वती समिति कुआं चौक


बालक सरस्वती समिति धान मंडी चौक


बाल सरस्वती समिति तिरंगा चौक


मां शीतला दुर्गा समिति बड़े चौरा चौक


सरस्वती समिति स्कूल मैदान चौक


नवयुवक समिति चण्डी चौक


नवयुवक सरस्ती समिति ठाकुर चौक


नव ज्योति मंडल समिति मां कर्मा चौक


सरस्वती भजन समिति दुर्गा चौक


हॉस्पिटल चौंक घुमका

# पहला कॉलम...

## आज गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि अष्टमी/नवमी पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ



**विभिन्न संस्कारों व हवन-पूजन के बाद विशाल भोज-भंडारा आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में आज 11 अक्टूबर शुक्रवार को नवरात्र अष्टमी/नवमी के पावन अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शुक्रवार प्रातः 9:30 बजे आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजन अवसर पर सनातन हिंदू धर्म के विभिन्न संस्कार भी सम्पन्न किए जाएंगे। तत्पश्चात संगीतमयी सामगान वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच मातारानी दुर्गा, काली, सरस्वती शारदा, वेदमाता गायत्री को आहूति प्रदान की जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान साधकों द्वारा नौ-दिनों तक की गई पूजा अर्चना, जप-तप, ध्यान- साधना, आराधना-उपासना का फल नवमी के दिन मातारानी को श्रद्धा पूर्ण आहूति प्रदान करने पर मिलता है। अतः समस्त शक्ति साधकों से आग्रह है कि गायत्री शक्तिपीठ में आज शुक्रवार सुबह 9:30 बजे आयोजित मां गायत्री अष्टमी/नवमी यज्ञायोजन में पधार कर मातारानी को श्रद्धा पूर्ण आहुति प्रदान करें और वेदमाता गायत्री से अपनी साधना उपासना के फल की प्राप्ति करें। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में दोपहर 12:30 बजे से आयोजित वेदमाता मां गायत्री की महाप्रसादी, भोज-भंडारा में सपरिवार पधारकर प्रसादी पाने का आग्रह किया है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाया महाशिविर



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम संबलपुर में डायरिया का प्रकोप पूरा गांव दरिया के चपेट में है अभी तक दो लोगों की मौत हो चुकी है स्वास्थ्य विभाग की टीम महाशिविर लगाकर लोगों की जांच कर रही है रोज मरीज मिल रहे हैं पानी दूषित होने के कारण पूरा गांव में डायरिया फैल गया है स्वास्थ्य विभाग की टीम उस पर नजर बनाए रखी है लगातार डायरिया मिलने से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है कुछ लोग मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती है।

## नेहरू महाविद्यालय में गरबा प्रतियोगिता आयोजित



**प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमएससी तृतीय सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान का समूह रहा**

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 8 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ श्रीमती ई वी रेवती के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में कंवार नवरात्रि के पावन अवसर पर सामूहिक गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत माँ बमलेश्वरी की पूजा अर्चना से की गई । इस कार्यक्रम में 10 समूहों ने भाग लिया जिसमें एम ए अंग्रेज़ी एम कॉम , एम एस सी जूलॉजी, बी एस सी प्रथम वर्ष , तृतीय व एमएससी रसायन शास्त्र, एमएससी वनस्पति विज्ञान बीए तथा योग विभाग से विभिन्न समूह ने गरबा प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमएससी तृतीय सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान का समूह, द्वितीय स्थान पर एमएससी प्रथम सेमेस्टर प्राणी शास्त्र तथा तृतीय स्थान एमएससी रसायनशास्त्र, बीए, बीएससी भाग तीन का समूह रहा।प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाली टीम को ट्रॉफ़ी तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक प्रभात बेस द्वारा किया गया।

# मेला में अवैध दुकान के साथ-साथ अवैध विद्युत कनेक्शन का खुला उपयोग

डोंगरगढ़ (दावा)। प्लेसमेंट कर्मचारी विजय कोटांगले मेले में दुकान आवंटन की महिती जिम्मेदारी निभा रहे हैं। क्योंकि सीएमओ चंद्रकांत शर्मा चाहते हैं। इसलिए विजय कोटांगले को मेले की व्यवस्था बनाने में जहां-जहां लाभ हो सकता है वहां की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि पालिका में राजस्व का एक बड़ा अमला और वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों का अमला मौजूद है। किंतु केवल पैसे की अवैध वसूली कौन अधिक कर सकता है उस हिसाब से प्रभारी या प्रमुख जवाबदारी कर्मचारियों को दी जाती है। यह नगर पालिका की परंपरा है जिसका निर्वहन वर्तमान सीएमओ द्वारा भी किया जा रहा है। पालिका कर्मचारी द्वारा पदस्थ सीएमओ के संरक्षण में वर्षों से नवरात्र मेले को अपने निजी कमाई का जरिया बने हुए हैं। यह पहली बार हुआ है कि प्रेस रिपोर्टरों की टीम ने दुकान आबंटन के नाम से किए जा रहे भ्रष्टाचार का खुलासा किया है।

### प्लेसमेंट कर्मचारी बेटे के नाम से तीन दुकान आबंटित

लाखों की संख्या में आने वाले दर्शनार्थियों के मनोरंजन हेतु पालिका प्रशासन की ओर से 300 दुकानों का अस्थाई निर्माण कराया गया। जो पूर्व में भी कराया जाता रहा है। दुकान के आबंटन में लाखों रुपए कमाने के चक्कर में दुकान आबंटन का अप्रत्यक्ष रूप से प्रभारी बनाए गए विजय कोटांगले ने 7 तारीख तक मात्र 220 दुकान का रसीद काटा था। 81 दुकान की रसीद क्यों नहीं काटी गई ना कोई पूछने वाला है ना किसी को फुर्सत है। जब मीडिया की टीम सर्वे करने गई तो इस बात का खुलासा हुआ कि तीन चार दुकानदारों के पीछे एक दुकानदार के नाम से रसीद काट दी गई है। सब की रसीद क्यों नहीं काटी गई पूछने पर राजस्व निरीक्षक श्रवण गभने का कहना था कि रसीद काटने का काम प्रक्रियाधीन है। मुझे अन्य जवाबदारी दी गई है। इसलिए वहां क्या हो रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। यानी मेले के आखिरी दिन तक रसीद कटती रहेगी जो कि नियमों के विपरीत जाकर कार्य करने जैसा है। हर वर्ष मेले के प्रथम दिन में ही सभी दुकानदारों की रसीद काट दी जाती थी। किंतु अवैध उगाई करने वाले गिरोह ने पैसे तो दुकानदारों से ले लिए लेकिन रसीद काट कर नहीं दिए। जांच पड़ताल में अनेक बातों के अलावा एक बात जो प्रमुखता से सामने आई उसमें प्लेसमेंट कर्मचारी आकाश कोटांगले जो दुकान आबंटन करने वाले विजय कोटांगले का सुपुत्र है उनके नाम से तीन दुकान आबंटित की गई है। जिसे उसने ऊंचे दर पर अन्य व्यक्ति को बेचे जाने की बात सामने आ रही है। कुल मिलाकर पालिका में आने वाली राजस्व की आय पर डाका डालने जैसा कार्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा के संरक्षण में किया जा रहा था।

**नगर पालिका सीएमओ के बंगले से अवैध रूप से दुकानदारी कर रहे दुकानदारों को दिया गया विद्युत कनेक्शन**



मेला व्यवस्था में नोडल बनाए गए इंजीनियर रितेश स्थापक एवं दुकान आबंटन के लिए प्रभारी बनाए गए विनोद वर्मा ने खुलेआम किया जा रहे अवैध उगाही को लेकर कहां की हमें दूसरी और जिम्मेदारी दे दी गई है। जैसे उच्च अधिकारी की ओर से निर्देश प्राप्त होगा उनके हिसाब से कार्य किया जाएगा। यदि कोई कर्मचारी गलत कार्य कर रहा है तो हमारी ओर से उसके खिलाफ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उन पर कार्रवाई करने का पावर उच्च अधिकारी के पास है। सीएमओ चंद्रकांत शर्मा ने कहा है की दुकान का आबंटन पूरी पारदर्शिता एवं नियमानुसार किया गया है। जितनी दुकान लगी है उसकी जानकारी राजस्व विभाग से लें लिया हूँ। सभी दुकान की रसीद काटी गयी है।

### 3 सौ रुपए की रसीद देकर 4 सौ रुपए की उगाही - शारदा देवी दुकानदार

अपने छोटे से बेटे को लेकर छिंदवाड़ा से डोंगरगढ़ आई शारदा देवी को खंडित अवस्था में पहुंच गई दुकान के सामने के भाग में दुकान लगाने कहा गया। जबकि खंडित अवस्था में पहुंच गए दर्जनों दुकानों के सामने दुकान लगाने की मनाही जिला कलेक्टर द्वारा मौखिक रूप से सीएमओ को निर्देश देने की बात सामने आ रही है। सीएमओ ने भी इस बात को स्वीकार किया कि जिला कलेक्टर द्वारा उस स्थान पर दुकान का आबंटन नहीं करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। किंतु प्लेसमेंट कर्मचारी कि पैसे की भूख इतनी अधिक है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश को भी नजरअंदाज कर दिया गया। दुकानदार शारदा देवी का कहना है कि रसीद काटने वाले से मैंने पूछा था शटर का उपयोग भी कर सकती हूं तो उसने मना नहीं किया और मुझे 300 रूपये के जगह 400 रूपये मांगे और 300 रूपये की रसीद दी।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने देवकट्टा स्थित हाईस्कूल परिसर में दाऊजी स्वर्गीय रामदयाल कंवर की प्रतिमा का अनावरण किया




डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम देवकट्टा निवासी अपने समय के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व जनपद सदस्य जैसे बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाले स्वर्गीय सांसद शिवेंद्र बहादुर के विश्वस्त सहयोगी, हाईस्कूल भवन के लिए अपनी निजी भूमि को दान देने वाले स्वर्गीय रामदयाल कंवर की प्रतिमा का अनावरण करने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम देवकट्टा पहुंचे। प्रतिमा के अनावरण पश्चात उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि,कांग्रेस सरकार ने गेम चेंजर का काम किया है,जबकि भाजपा सरकार नेम चेंजर का काम कर रही हैं।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डोंगरगढ़ विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर रहे। ब्लॉक के देवकट्टा ग्राम हाईस्कूल पर दाऊजी स्वर्गीय रामदयाल कंवर की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा का अनावरण होते ही दाऊजी अमर रहे के नारे लगे। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल गौशाला मैदान पहुंचे जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन भूपेश बघेल को देखने सुनने के लिए पंडाल पर उपस्थित रहे। सरपंच देवकट्टा हेमिन पुरण वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि भूपेश बघेल को लड्डू से तौला गया। फिर मंच मंगल भवन जैतखाम शीतला में टाइल्स रंगमंच अवंती मंच जैसे लगभग 30 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया। और मंच पर पहुंचे और मंच पर पहुंचकर छत्तीसगढ़ महतारी महात्मा गांधी स्वर्गीय रामदयाल कंवर के फोटो पर पुष्पहार चढ़कर पूजा अर्चना की और पूर्व सीएम ने अपने उद्बोधन भाषण देते हुए कहा लाइट साय-साय बंद हो रही है और जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी तब किसान और आमजनता के जीवन में बदलाव के लिए हमने गेम चेंजर का काम किये। वहीं भाजपा सरकार नाम चेंजर का काम कर रही है और छत्तीसगढ़ में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर जमकर हमला बोला।

बघेल ने किसानों के लिए बहुत कार्य किया - हर्षिता स्वामी बघेल

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि हमारे नेता जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे तब सिंचाई सुविधा धान खरीदी केंद्र खुला सामाजिक लोगों के लिए भवन रंगमंच जैसे अनेक सौगातें मिली जिसका उद्घाटन करने आए हैं। स्कूल और धान खरीदी केंद्र के संमतली करण के लिए 5 लाख की घोषणा की।

## बेलगांव के जांबाज कार्यकर्ताओं ने रायपुर तक पदयात्रा कर नहर नाली की बहुप्रतीक्षित मांग स्वीकृत करा ली - भुनेश्वर

पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि हमारे ब्लॉक संगठन और बेलगांव के नेताओं ने रायपुर तक पदयात्रा की और बेलगांव में भेंट मुलाकात हुई जिसके कारण 7 करोड़ का नहर लाइनिंग स्वीकृत हो पाया। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंन्हा ने कहा कि देवकट्टा के मतदाता कांग्रेस के दोनों चुनाव में जीताकर यह बता दिया कि बेहतर काम करने वालों के साथ है।आभार वक्त सरपंच हेमीन पुरण वर्मा ने देवकट्टा आने के लिए सभी अतिथियों को धन्यवाद अर्पित की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान, डोगरगढ़ शहर/ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, विजय राज सिंह चौहान, विवेक वासनिक, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, जनपद सदस्य पीतांबर कंवर, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, गोविंद टंडन, शिशुपाल भारती, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, विष्णु लोधी, दुर्गा यादव, जोन प्रभारी पंचराम चंदेल, सेक्टर प्रभारी लालाराम वर्मा, सामसाय टांडेकर, योधन दास साहू, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, राजू राजपूत, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया, हनी बघेल, धनु पटेल, सतीष कंवर, संतोष हठिले, सतानंद कंवर, दीपेन्द्र टांडेकर, नंदू वर्मा, राजेंद्र वर्मा, हरक पटेल, किशोर बैस, घनश्याम साहू, हरिचंद उईके, के राजू छेदैया, रोशन वर्मा, घनश्याम साहू, बिसराम वर्मा, प्रितम साहू एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार में 4 साल की बच्ची से लेकर बुजुर्ग तक सुरक्षित नहीं- भूपेश बघेल



ठेलकाडीह (दावा)। मंगलवार को ग्राम बासुला में मिनीमाता मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, धनेश पाटिला, युवराज डीरहेर, नवाज खान, कमलेश्वर वर्मा, सूर्यकुमार खिलाड़ी, ओमप्रकाश साहू, अमीन खान सहित सरपंच कमलेश्वर सांडे, उपसरपंच जितेंद्र वर्मा, हेमंत वैष्णव, सौरभ वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व सीएम बघेल ने वीरांगना अंवतीबाई लोधी मंच का लोकार्पण किया। करीब साढ़े चार बजे पुलिस की तगड़ी व्यवस्था में बासुला गांव पहुंचकर मिनीमाता मूर्ति अनावरण में शामिल हुए।

उन्होने मंच के माध्यम से कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश की पहली महिला सांसद मिनी माता का पूरा जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होने दलित, किसान, मजदूर हर वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सघर्ष किया। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता ने कहा मिनीमाता के कार्य सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। मिनीमाता ने दलितों और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यो के लिए हमेशा याद किए जाएगें। समाज कल्याण व मानव उत्थान के लिए हमेशा समर्पित रही।

### भाजपा पर कसा तंज

मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगावं जिला के ग्राम बासुला में पहुंचकर मिनीमाता के मुर्ति अनावरण एवं वीरागना अंवतीबाई लोधी के मंच लोकार्पण में शामिल हुए। उन्होने बीजेपी सरकार पर जमकर बरसते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में राज्य अपराध बीते ही जा रहे है। 4 साल की बच्ची से लेकर बुजुर्ग महिला भी सुरक्षित नही है। कवर्धा कांड पर भी बोले उन्होने बेगुनाह लोगों पर पुलिस ने एफआईआर कर दी है। साय सरकार में सबसे अधिक उत्पीड़न महिलाओं पर हो रहा है।

### सभी योजनाएं को बंद कर दी है

बासुला गांव में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने भाजपा सरकार के कार्यो को लेकर एक के बाद एक सवाल खड़े करते हुए। उन्होने यह आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में जो योजनाएं चल रही थी। उसे भाजपा सरकार ने सभी को बंद कर दिया है। मात्र एक योजना चल रही है महतानी वंदन योजना जबकि बासुला गांव के कई महिलाएं इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### बघेल ने सरपंच के कार्यो को सराहा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने बासुला पंचायत के सरपंच कमलेश्वर सांडे की तारीफ की। उन्होने कहा कि आज इस कार्यक्रम लेकर सरपंच कमलेश्वर के लिए काफी चुनौती था। विरोध भी हुआ। लेकिन उन्होने इस चुनौती को स्वीकार किया। ऐसे ही चुनौती हमें भी दिया जा रहा है। लेकिन हम डरने वाले नहीं है। भाजपा सरकार केवल नौ महीने में ही विफल साबित हो रहे है। प्रदेश में कहीं एक काम चालू नहीं करा पा रहे है। हमारे शासन काल में जो काम जंहा पहुंचा था। आज वहीं रूका हुआ है।

# दो नेत्रहीन छात्र/छात्रा का पुलिस द्वारा किया गया सहयोग, कराया मां बमलेश्वरी के दर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। दो नेत्रहीन विद्यार्थी प्रकाश सोनकर पिता शंकर सोनकर उम्र-21 साल निवासी डोंगरगांव एवं माहेश्वरी बघेल पिता महेतर बघेल उम्र-20 साल निवासी दंतेवाड़ा को को आज डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी देवी जी के समक्ष आशीर्वाद प्राप्त करने डोंगरगढ़ आये थे। जिसे मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल द्वारा सेवा भावपूर्ण एवं मदद करने के उद्देश्य से दोनों नेत्रहीन छात्र/छात्रा को रोपवे की मदद से उपर मंदिर ले जाकर माँ बम्लेश्वरी देवी जी के समक्ष ले जाया गया। जहां दोनों नेत्रहीन छात्र/छात्रा माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किये बाद थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा दोनों छात्र/छात्रा को अपने वाहन से नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में माँ छोटी बम्लेश्वरी देवी के समक्ष ले जाया गया जहां दोनों छात्र/छात्रा माता जी का आर्शीवाद प्राप्त किये बाद दोनों छात्र/छात्रा को मेला घुमाया गया बाद दोनों नेत्रहीन छात्र/छात्रा को अपने गन्तव्य स्थान जाने हेतु सुरक्षित रेलवे स्टेशन छोड़कर ट्रेन बैठाया गया।

## पहला कॉलम...

### लाओस पहुंचे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए बृहस्पतिवार को दो दिवसीय यात्रा पर लाओस पहुंचे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य इन समूहों के देशों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। लाओस जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफनाडोन के निमंत्रण पर मोदी दो दिवसीय यात्रा पर विएंतियाने पहुंचे हैं। लाओस दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान का वर्तमान अध्यक्ष है। इस दौरान मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। लाओस रवाना होने से पहले जारी एक बयान में पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस साल 'एक्ट ईस्ट' नीति का दशक पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं आसियान नेताओं के साथ हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की भविष्य की दिशा तय करूंगा।'उन्होंने कहा कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि लाओस जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) समेत क्षेत्र के साथ भारत के करीबी, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत से समृद्ध हैं। उन्होंने कहा, च्मैं लाओ पीडीआर नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों को लेकर आशान्वित हूं जिससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया जा सकेगा।



### सोने और चांदी की कीमत में आई नरमी



मुंबई। सोने और चांदी की कीमत में नरमी का रुख जारी है। सोने के भाव में गुरुवार को फिर गिरावट देखी गई। हालांकि यह मामूली कमी है। 24 कैरेट सोने का भाव राजधानी दिल्ली में 10 अक्टूबर 2024 को 10 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह, 22 कैरेट सोने का भाव भी 10 रुपये की कमी के साथ 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा। चांदी की कीमत 100 रुपये घटकर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 10 रुपये घटकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया, वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी गुरुवार को 100 रुपये घटकर 93,900 रुपये प्रतिकिलो हो गई है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोने की कीमत गुरुवार को 10 रुपये कम होकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसी तरह, 22 कैरेट सोने का दाम भी 10 रुपये घटकर 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यहां चांदी का भाव 100 रुपये घटकर 93,900 रुपये प्रतिकिलो हो गया है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सोना आज 10 रुपये कम होकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसी तरह, 22 कैरेट सोने का दाम भी 10 रुपये घटकर 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 100 रुपये घटकर 99,900 रुपये पर आ गई।

### अमिताभ बच्चन ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि, लिखा....



नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन ने रतन टाटा के निधन पर एक भावुक नोट लिखा। अभिनेता ने टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन के साथ अपने जुड़ाव को याद किया । दिग्गज उद्योगपति टाइकून ÷रतन टाटा÷ का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया । कई राजनेताओं और मशहूर हस्तियों ने टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि के रूप में शोक संदेश भेजे। अब महानायक अमिताभ बच्चन ने भी रतन टाटा के निधन पर दुख जताया है । अमिताभ बच्चन ने रतन टाटा के निधन पर एक भावुक नोट लिखा। अभिनेता ने टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन के साथ अपने जुड़ाव को याद किया। बिग बी ने अपने इंस्टाग्राम पर रतन टाटा को अलविदा कहते हुए लिखा, एक युग अभी गुजरा है, उनकी विनम्रता, उनका महान संकल्प, उनकी दृष्टि और देश के लिए अच्छा करने का उनका संकल्प, मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान आपके साथ मिलकर काम करने का अवसर था और आपसे मिलना मेरा सौभाग्य। बिग बी ने आगे लिखा ÷एक बहुत दुखद दिन।

## विनाशकारी तूफान मिल्टन ने फ्लोरिडा में मचाई तबाही



नई दिल्ली। तूफान मिल्टन ने बृहस्पतिवार को मध्य फ्लोरिडा में जमकर तबाही मचाई है। बृहस्पतिवार को ही तूफान राज्य के पश्चिमी तट पर पहुंचा था। इस तूफान ने घातक बवंडर पैदा किए जिन्होंने घरों को नष्ट कर दिया। तूफान की वजह से लगभग 20 लाख घरों की बिजली बिजली काट दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा कि तूफान बुधवार को लगभग 8:30 बजे श्रेणी 3 के तूफान के रूप में सिएस्टा की के पास पहुंचा था। इस दौरान हवाओं की गति 120 मील प्रति घंटा (195 किलोमीटर प्रति घंटा) थी। पश्चिम-मध्य फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ की स्थिति बन गई है।

फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा है कि तूफान ने कम से कम 19 बवंडर पैदा किए हैं और कई काउंटियों में नुकसान पहुंचाया है, जिससे लगभग 125 घर नष्ट हो गए हैं, जिनमें से अधिकांश मोबाइल घर थे। तूफान ने पहले ही राज्य में गैसोलीन की मांग बढ़ा दी है, लगभग एक चौथाई ईंधन स्टेशनों की आपूर्ति खत्म हो गई है।

तूफान के चलते पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर पाइप लाइन टूट गई हैं जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। फ्लोरिडा में गल्फ कोस्ट और आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## जो रूट और हैरी ब्रूक ने रचा नया इतिहास, 67 पुराने कीर्तिमान को कर दिया ध्वस्त



पहले टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर खबर ली

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में खेले जा रहे पहले टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। खास तौर पर जो रूट और हैरी ब्रूक ने पूरा मैच ही पलटकर रख दिया। दोनों ने मिलकर इतने रन बनाए कि पाकिस्तानी गेंदबाज बुरी तरह से पस्त हो गए। जो रूट ने जहां अपना दोहरा शतक पूरा किया, वहीं हैरी ब्रूक ने तो तिहरा शतक जड़ने का काम कर दिया है। इस बीच इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर वो काम कर दिया, जो इससे पहले इंग्लैंड के लिए किसी ने भी नहीं किया था। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में ये किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए 454 रनों की हो गई है। दोनों ने पाकिस्तान के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। जहां एक ओर जो रूट ने अपने अंदाज यानी शांत तरीके से रन बना रहे थे, वहीं हैरी ब्रूक ने तूफानी तरीके से रन बनाए। इससे पहले की बात की जाए तो साल 1957 इंग्लैंड के कॉलिन काउड्रे और पीटर मे ने मिलकर 411 रनों की भागीदारी की थी। तब से लेकर अब तक इस रिकॉर्ड को कोई तोड़ ही नहीं पाया।

इंग्लैंड के लिए टेस्ट में यही दो पार्टनरशिप हैं, जो 400 से ज्यादा रन की हुई हैं। इस तरह से देखा जाए तो हैरी ब्रूक और जो रूट ने 67 पुराना कीर्तिमान ध्वस्त करने का काम किया है।

साल 2016 में जॉनी बेयरस्टो और बेन स्टोक्स ने मिलकर साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में 399 रनों की पार्टनरशिप की थी, हालांकि वे एक रन से 400 रन पूरे करने चूक गए थे, वहीं लियोनार्ड हटन और मौरिस लेलैंड ने मिलकर साल 1938 में 392 रनों की भागेदारी की थी।

अब जो रूट और हैरी ब्रूक ने मिलकर जो काम किया है, वो कितने साल बाद टूटेगा, अभी कहना मुश्किल है। हां, इतना जरूर है कि इन दोनों का नाम अब इतिहास की किताब में दर्ज हो गया है। जो रूट और हैरी ब्रूक की बल्लेबाजी की बात की जाए तो रूट ने 375 बॉल पर 262 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 17 चौके लगाए, लेकिन छक्का एक भी नहीं था। वहीं हैरी ब्रूक ने करीब 310 बॉल पर ही तिहरा शतक ठोक दिया है।

## मैच के बीच अबरार अहमद की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच मुल्तान में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है। पाकिस्तान के गेंदबाजों के लिए विकेट लेना काफी मुश्किल हो रहा है।**

वहीं मैच के बीच पाकिस्तान टीम की टेंशन थोड़ी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल तबीयत खराब होने के चलते पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिसके चलते चौथे दिन ये खिलाड़ी मैदान पर नहीं उतर सका। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। मुल्तान में पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड के पहले टेस्ट के चौथे दिन लेग स्पिनर अबरार अहमद मैदान पर नहीं खेल पाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खिलाड़ी को इस समय तेज बुखार है और इसलिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेग स्पिनर के न खेलने का फायदा उठाते हुए इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर दबाव बनाना जारी रखा और मेहमान टीम ने अब 100 से ज्यादा रनों की बढ़त ले ली है।

## स्पेन के राफेल नडाल ने टेनिस से संन्यास का एलान किया, जानें कब खेलेंगे अपना आखिरी मैच



]नई दिल्ली। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने गुरुवार को टेनिस से संन्यास लेने का एलान कर दिया। नडाल के नाम पुरुष एकल वर्ग में 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम सिर्फ सर्बिया के नोवाक जोकोविच से जीते हैं। नडाल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल हैं और उन्हें लाल बजरी का बादशाह माना जाता है। नडाल ने अपने करियर में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन में जीते हैं। डेविस कप फाइनल नडाल के पेशेवर टेनिस करियर का आखिरी मैच होगा।

नडाल ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो पोस्ट कर संन्यास लेने की घोषणा की। नडाल के नाम 92 एटीपी एकल खिताब हैं जिसमें 36 मास्टर्स टाइटल और ओलंपिक स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। नडाल के नाम एक खास उपलब्धि भी दर्ज है। वह पुरुष टेनिस इतिहास में उन तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने करियर में गोल्डन स्लैम पूरा किया है।

पिछले महीने नडाल ने लावेर कप से हटने का फैसला किया था जो उनका पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर उनका अंतिम टूर्नामेंट माना जा रहा था। पेरिस ओलंपिक के बाद नडाल ने इस बात की पुष्टि की थी कि लावेर कप उनका अगला टूर्नामेंट होगा। नडाल पहले इस बात के संकेत दे चुके थे कि 2024 टूर पर उनका आखिरी वर्ष हो सकता है। नडाल का इस सीजन रिकॉर्ड 12-7 रहा है। वह आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में खेलते दिखे थे जहां दूसरे दौर में उन्हें जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था।

## टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड ने चली बड़ी चाल, कहीं मुश्किल में ना पड़ जाए टीम इंडिया!



नई दिल्ली। भारतीय टीम इन दिनों बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. इस सीरीज के बाद भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरुआत 16 अक्टूबर से होगी. इस टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड ने बड़ी चाल चल दी, जो टीम इंडिया के लिए मुश्किल साबित हो सकती है. तो आइए जानते हैं कि आखिर न्यूजीलैंड ने ऐसा क्या किया.

दरअसल न्यूजीलैंड के स्टार स्पिनर एजाज पटेल ने पहले ही मुंबई में अभ्यास शुरू कर दिया. एजाज भारत दौरे पर आने वाली न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं. बता दें कि न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले एजाज का जन्म भारत के मुंबई में ही हुआ था. कई साल पहले उनका माता-पिता न्यूजीलैंड चले गए थे. उनके जानने वाले कुछ लोग अभी भी मुंबई में रहते हैं. एजाज इन्हीं जानने वालों से मिलने के लिए मुंबई आए थे. इसी दौरान उन्होंने मुंबई में अभ्यास किया.

टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसके लिए कीवी टीम शुक्रवार को भारत रवाना होगी. एजाज गुरुवार को मुंबई से बेंगलुरु के लिए निकल जाएंगे और फिर वहां कीवी टीम के साथ जुड़ जाएंगे. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, दौरान एजाज ने सितंबर में दत्ता मिथबावकर से बात की थी. दत्ता मिथबावकर न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान के बीच ग्रेटर नोएडा टेस्ट में अफगानिस्तान के लोकल मैनेजर थे. एजाज ने मिथबावकर से कहा था कि वह उनके लिए भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले मुंबई में अभ्यास के लिए कुछ आयोजन कर दें.

रिपोर्ट में दत्ता मिथबावकर के हवाले से कहा गया, ÷एजाज ने उस वक्त मुझसे रिक्वेस्ट की थी कि अगर उन्हें मुंबई में अभ्यास के लिए सुविधा मिल जाए, क्योंकि वह शहर में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए कुछ पहले आ जाएंगे. वह बाहरी सुविधा चाहते थे और स्पिन फ्रेंडली विकेट पर अभ्यास करना चाहते थे. उसके बाद वह मेरे साथ संपर्क में थे. निलेश भोसले (मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन एपेक्स काउंसिल मेंबर) ने एजाज के लिए एमआईजी क्लब में अभ्यास का इंतजाम करवाया.

## प्रथम पेज का शेष

**0 अलविदा 'टाटा': पंचतत्व में विलीन भारत 'रतन'...**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भारत के उद्योग जगत के दिग्गज और वरिष्ठ उद्योगपति, पद्म विभूषण रतनटाटा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष नीता अंबानी ने मुंबई में रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

0 महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पत्र लिखकर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। सुपरस्टार रजनीकांत ने पोस्ट में लिखा- 'एक महान दिग्गज आइकन जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता और जुनून से भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। वह व्यक्ति जिसने हजारों उद्योगपतियों को प्रेरित किया। वह व्यक्ति जिसने कई पीढ़ियों के लिए लाखों-लाख नौकरियां पैदा कीं। वह व्यक्ति जिसे लोग प्यार करते थे और सम्मान देते थे। उन्हें नमन, इस महान आत्मा के साथ बिताए गए हर लम्हे को हमेशा याद रखूंगा। भारत का सच्चा सपूत अब नहीं रहा।

नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, 'उन्होंने (रतन टाटा) न केवल भारत की कंपनी (टाटा) को आगे बढ़ाया, बल्कि इसे पूरी दुनिया में स्थापित किया। आज, हमने उन्हें खो दिया लेकिन हम लोगों के साथ हैं।' कंपनी के लिए यह एक बड़ी क्षति है, जिसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। हमें फख्र है कि वे भारत का नाम दुनियाभर में ले गए।

0 एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। - भारत रत्न और वरिष्ठ बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी ने शोक संदेश में कहा- रतन टाटा जी के साथ मेरी आखिरी बातचीत इस साल फरवरी में हुई थी, जब मुझे उनसे एक गर्मजोशी भरा पत्र मिला, जिसमें मुझे भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी गई थी। उनकी गर्मजोशी, उदारता और दयालुता हमेशा बहुत प्रिय रही है। महाराष्ट्र कैबिनेट ने गुरुवार को बैठक में उद्योगपति रतन टाटा का नाम भारत रत्न पुरस्कार के लिए प्रस्तावित करने का फैसला किया। साथ ही राजकीय एक शोक से जुड़ा एक प्रस्ताव भी पास किया।

इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने शोक संदेश में कहा- टाटा नाम भारत के औद्योगिक विकास का पर्याय है। लगभग सभी क्षेत्रों में उन्होंने एक अहम भूमिका निभाई। नैतिक तरीके से काम करने की वह परंपरा। उन्होंने न केवल संस्थान बनाने को महत्व दिया बल्कि कर्मचारियों और लोगों की भागीदारी की संस्कृति बनाने को भी महत्व दिया, शिक्षा और परोपकार उनके व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ी भूमिका निभाई।

0 रतन टाटा ने जिया हमेशा सादगीपूर्ण जीवन- रतन टाटा के निधन से भारतीय व्यापार जगत में एक युग का अंत हो गया। उन्होंने न केवल टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया, बल्कि अपने सादगी भरे जीवन और उच्च नैतिक मूल्यों के लिए भी प्रसिद्ध थे। हालांकि वे 100 से अधिक देशों में 30 से अधिक कंपनियों का संचालन करते थे, रतन टाटा ने हमेशा एक साधारण और सादगीपूर्ण जीवन जिया। उन्होंने कभी अरबपतियों की सूची में जगह नहीं बनाई, लेकिन उनकी सच्चाई, विनम्रता और ईमानदारी ने उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बनाया।

28 दिसंबर 1937 को मुंबई में जन्मे थे रतन टाटा- रतन टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को मुंबई में हुआ था। वे भारत के सबसे प्रतिष्ठित व्यावसायिक परिवारों में से एक से ताल्लुक रखते थे। उनके परदादा जमशेदजी टाटा ने 1868 में एक छोटी ट्रेडिंग कंपनी के रूप में टाटा समूह की नींव रखी थी, जो आगे चलकर स्टील, ऑटोमोबाइल, सॉफ्टवेयर और एयरलाइंस जैसे कई क्षेत्रों में फैल गई।

रतन टाटा का बचपन उनके परिवारिक विशेषाधिकार और कठिनाइयों के बीच बीता। उनके माता-पिता के अलग हो जाने के बाद उनका पालन-पोषण उनकी दादी लेडी नवाजबाई टाटा ने किया। उन्होंने मुंबई के कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल से पढ़ाई की और फिर उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। उन्होंने 1962 में कॉर्नेल विश्वविद्यालय से आर्किटेक्चर में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की।

रतन टाटा ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम भी पूरा किया, लेकिन आर्किटेक्ट बनने का सपना पीछे छूट गया जब वे 1960 के दशक की शुरुआत में फैमिली बिजनेस संभालने के लिए भारत लौटे। उनके करियर की शुरुआत टाटा स्टील के जमशेदपुर प्लांट के शॉप फ्लोर से हुई थी, और यह जमीनी अनुभव उनके नेतृत्व के स्टाइल को हमेशा परिभाषित करता रहा।

**0 पारदर्शी शासन चलाने का नमूना पेश किया है...**

आज कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां स्थायी नीति का निर्माण नहीं हुआ। पहले भारत को 'दुर्बल पांच' में गिना जाता था लेकिन आज अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक गुलजार क्षेत्र कहता है।

उन्होंने गरीब जनता को मुफ्त आनाज, नल से जल, गैस कनेक्शन और घर घर शौचालय जैसी मोदी सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज आज 130 करोड लोग देश की विकास की प्रक्रिया के साथ जुड़ चुके हैं और इसी कारण हमारी आर्थिक वृद्धि दर बढ़ रही है।

श्री शाह ने भारत के उद्योग जगत से अपने काम को विस्तार देने का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय कंपनियों को विश्वस्तरीय बनाने की ज़रूरत है और विश्वभर में भारत का दबदबा बनाने के लिए हमारे चैंबर्स, उद्योगों को निर्णय लेने चाहिए।

**0 मोदी ने दशहरा से पहले ही विएनतिएन....**

जुड़े भारत के कुछ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने आज सुबह लाओस की यात्रा के लिये प्रस्थान करते एक वक्तव्य जारी किया, जिसमें पूर्व और दक्षिण पूर्व के देशों के साथ भारत के संबंधों के महत्व और उनको भारत की ओर दे दी जा रही प्राथमिकता को रेखांकित किया गया है।

**0 नेकां विधायक दल के नेता चुने गये उमर....**

जल्द ही सरकार की बागडोर संभालने के लिए उमर अब्दुल्ला के अलावा कोई नहीं है और वही अगले मुख्यमंत्री होंगे। नेकां ने हाल ही में हुए चुनाव में 90 सदस्यीय विधानसभा में 42 सीटें हासिल कीं। इंडिया समूह के पास 49 सीटें हैं।

**0 साउथ कोरिया की हान कांग....**

रेड एंड ब्लैक में आत्महत्या जैसे गहरे और संवेदनशील मुद्दे पर लिखा था। इनकी मशहूर किताबों में पतझड़ का सपना भी शामिल है। साहित्य में अब तक 120 लोगों को नोबेल मिला है। इसमें केवल 17 महिलाएं हैं। इसकी वजह से नोबेल कमेटी की काफी आलोचना भी होती है। जॉन की किताबों को 40 से ज्यादा भाषाओं में ट्रांसलेट किया जा चुका है। डेली टेलीग्राफ ने उन्हें दुनिया के 100 लिविंग जीनियस की लिस्ट में 83वें नंबर पर रखा है।

जॉन की किताबों को 40 से ज्यादा भाषाओं में ट्रांसलेट किया जा चुका है। डेली टेलीग्राफ ने उन्हें दुनिया के 100 लिविंग जीनियस की लिस्ट में 83वें नंबर पर रखा है।

27 नवंबर 1895 को अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी अंतिम वसीयत और वसीयतनामा पर हस्ताक्षर किए। इससे उन्होंने अपने वसीयत का सबसे बड़ा हिस्सा पुरस्कारों की एक सीरीज, नोबेल प्राइज को दे दिया। नोबेल प्राइज फिजियोलॉजी, मेडिसिन, फिजिक्स, केमिस्ट्री, लिटरेचर, पीस और इकोनॉमिक साइंस के क्षेत्र में दिया जाता है। केमिस्ट्री के नोबेल प्राइज 2024 की घोषणा बुधवार, 9 अक्टूबर को हुई। इस साल ये प्राइज 3 वैज्ञानिकों को मिला है। इनमें अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड बेकर, जॉन जम्पर और ब्रिटिश वैज्ञानिक डेमिस हसाबिस शामिल हैं।

फिजिक्स में 2024 का नोबेल प्राइज एआई के गॉडफादर कहे जाने वाले जैफ्री ई. हिंटन और अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन जे. होपफील्ड को मिला है। उन्हें मशीन लर्निंग से जुड़ी नई तकनीकों के विकास के लिए ये सम्मान दिया गया है जो आर्टिफिशियल न्यूरॉन्स पर आधारित है। मेडिसिन का नोबेल दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को माइक्रो आरएन की खोज के लिए मिला सम्मान, ये कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों की पहचान में मददगार

नोबेल प्राइज 2024 के लिए विजेताओं की घोषणा सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू हुई। पहले दिन मेडिसिन या फिजियोलॉजी के क्षेत्र में नोबेल प्राइज की घोषणा की हुई। 2024 के मेडिसिन का नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिला है। उन्हें ये प्राइज माइक्रो आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है।

**0 झारखंड-महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव...**

जुड़े सूत्रों के मुताबिक, झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही वायनाड सहित यूपी उपचुनाव भी घोषित हो सकती है। राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद से वायनाड लोकसभा की सीट खाली है।

**0 विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास...**

इस क्षेत्र में महिला श्रम बल भागीदारी दरों को पुरुषों के बराबर बढ़ाने से क्षेत्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 51 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी।

दक्षिण एशिया में महिला श्रम बल भागीदारी दुनिया में सबसे कम है। 2023 में केवल 32 प्रतिशत कामकाजी आयु की महिलाएँ श्रम बल में थीं, जबकि इस क्षेत्र में कामकाजी आयु के पुरुषों का प्रतिशत 77 प्रतिशत था। भूटान को छोड़कर सभी दक्षिण एशियाई देशों के लिए 2023 में महिला श्रम बल भागीदारी दर विकास के समान स्तरों वाले देशों की तुलना में 5 से 25 प्रतिशत कम थी। महिला श्रम बल में यह कमी विवाह के बाद सबसे अधिक स्पष्ट होती है। औसतन, एक बार शादी हो जाने के बाद, दक्षिण एशिया में महिलाएँ बच्चे होने से पहले ही कार्यबल में अपनी भागीदारी 12 प्रतिशत तक कम कर देती हैं।

सेवा गतिविधियों की ओर बदलाव, जो आमतौर पर महिला श्रम की अधिक मांग से जुड़ा होता है, अभी तक इस क्षेत्र में महिला रोजगार के उच्च स्तर तक नहीं पहुंचा है, और फर्म अक्सर पुरुष श्रमिकों के लिए स्पष्ट प्राथमिकता बताती हैं। चाइल्डकेयर एक्सेस, गतिशीलता और सुरक्षा, कानूनी प्रतिबंध और रूढ़िवादी लिंग मानदंड जैसी आपूर्ति-पक्ष की बाधाएँ भी महत्वपूर्ण बाधाएँ हैं।

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांज़िस्का ओहनसोर्ग ने कहा, दक्षिण एशिया की महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर 32 प्रतिशत है, जो उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 54 प्रतिशत औसत से काफी कम है। महिलाओं के रोजगार को बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों की ओर से कार्रवाई की आवश्यकता है। हमारी रिपोर्ट एक बहुआयामी प्रयास की सिफारिश करती है जिसमें सरकार, निजी क्षेत्र, समुदाय और परिवार सभी की भूमिका हो।

रिपोर्ट की सिफारिशों में लैंगिक समानता में सुधार के लिए कानूनी सुधार, रोजगार सृजन में तेजी लाने के उपाय और घर से बाहर काम करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित परिवहन और गुणवत्तापूर्ण बच्चे और बुजुर्गों की देखभाल की कमी जैसी बाधाओं को दूर करना शामिल है।

यदि सामाजिक मानदंड महिला रोजगार को अधिक स्वीकार्य बनाते हैं तो ऐसे उपाय अधिक प्रभावी हो सकते हैं। सुधार का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र व्यापार खुलापन बढ़ाना है। दक्षिण एशिया के अधिकांश देश वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए सबसे कम खुले देशों में से हैं। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्निर्माण का लाभ उठाने की क्षेत्र की क्षमता को बहुत सीमित करता है। क्षेत्र के भीतर, अधिक निर्यात अभिविन्यास को अधिक महिला रोजगार से जोड़ा गया है। इसलिए, अधिक खुलापन क्षेत्र को विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है, खासकर महिलाओं के लिए।

# जस झांकी स्पर्धा में जय सती सवित्री जस झांकी परिवार चिखली प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम खपराभाट में जय मां सरस्वती उत्सव समिति के तत्वाधान में हर्ष उल्लास के साथ प्रतिवर्ष नवरात्रि के पावन पर्व पर जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन होता है। जिसमें झांकी पक्ष में प्रथम स्थान 4001/जय सती सावित्री जस झांकी परिवार चिखली वार्ड नंबर 5 राजनंदगांव द्वितीय 3001 रु., जय मां संतोषी जस झांकी परिवार तरौद जिला बालोद, तृतीय 2001रु., जय मां अंबे जस झांकी बघवा परिवार ठाकुरटोला सोमनी, चतुर्थ 1001रु., जय मां शीतला फिरंतीन भुनेश्वर जस झांकी परिवार रेवाडीह राजनंदगांव जस रचना पक्ष में प्रथम स्थान 2001 रु., जय मां बागेश्वरी सेवा भजन मंडली बागद्वार गौरा चौक, द्वितीय 1501, जय मां आरुषि शीतला बालिका जस परिवार गोडरी अर्जुनी, तृतीय 1001, जय मां जस सेवा भजन मंडली तोयागोंदी अंबागढ़ चौकी, 701, श्री गंगा की लहर भुनेश्वर जस एवं मानस परिवार कौडूटोला अंबागढ़ चौकी चतुर्थ स्थान पर रहा। यह निर्णय छठवंदन साहू शिक्षक, वीरेंद्र साहू शिक्षण निर्णायकगण एवं अमरनाथ साहू बहाल वर्मा देवसिंग सिंह, गिरधरलाल साहू, अक्षय, तामेश्वर, करण कुमार, कुलेश्वर, विकास, लव, यादों राम, अजय, मन्दराजी, लोकेश, तामेश्वर, सन्जू, डुग्गू अमन, तुलेश्वर नेताम खेमू, लालचंद, खेमचंद, नरेन्द्र, बन्टी, चन्दन चांदनी, कृति, मन्नु बैगा पीया, शीतु, टामेश, सुखराम उमेश्वरी, खुशी, अजय मंडावी, यमुनादास, एवं समिति के सभी सदस्यों के बीच हुआ। यह जानकारी समिति की मीडिया प्रभारी गिरधरलाल साहू ने दिया।

# नवेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा व्याख्याता सुश्री हेपशिबा एंथोनी गौरव अलंकरण से सम्मानित



हरदी (दावा)। नवेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के द्वारा विश्व शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर अपने छात्रों में रचनात्मक अभिप्रेरणा एवं विद्यालय में उत्कृष्ट अध्यापन कौशल का प्रदर्शन करते हेतु समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने के लिए शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण सम्मान से शास उच्च माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता सुश्री हेपशिबा एंथोनी नवाजी गई।

कार्यक्रम बालोद स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मिशन समन्वयक अनुराग द्विवेदी थे एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य एवं अध्यक्ष एन टी सी एफ अरुण कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि नवाचार शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है तथा शैक्षिक नवाचार नए विचारों की खोज संवाद और सार्थक दिशा में चिंतन का परिणाम है।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी एस भारद्वाज तथा डौंडी लोहारा के बीआरसी जे.मालेकर आदि उपस्थित थे।

# ग्राम केशाल में नवरात्रि में मातृशक्तियों ने किया रक्तदान




33 रक्तवीर ने किया रक्तदान

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत केशाल में जय मां सरस्वती उत्सव समिति एवं सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू के संयोजन में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू ने कहा कि अब गैदाटोला क्षेत्र के आसपास सभी गांव बना रक्तवीर गांव, सिकलिन और थैलेसीमिया के लिए रक्तदान बनेगा जन अभियान चलाया जा रहा है।रक्तदान शिविर में 33 रक्तवीर ने रक्तदान किया और जिसमें तीन महिला शक्ति ने रक्तदान किया जिसमें उमाबाई साहू,ललेश्वर कौशिक, थलेश्वरी चंद्रवंशी ने किया। रक्तदान शिविर मे सुरजा बाई,सरिता बाई घनश्याम साहू सरपंच, डॉ.जामवंत साहू, त्रिलोचन साहू, नारायण साहू, चिन्ता रामजामुरिया, रजाऊ राम चन्द्रवशी, डॉ.उमाशंकर चन्द्रवशी, रामदेव चन्द्रवशी, पंच राम साहू, भुषण साहू, ललीत साहू, नकुल साहू, ईश्वर चन्द्रवशी, महेश चन्द्रवशी, धन्नु साहू, जीवन साहू, गोविन्द मरकाम, अमरदास साहू, किरतन घावड़े, प्रदीप कुमार, गजेन्द्र लोहार, सुरेन्द्र कौशिक, देवदास, दीपक साहू, धनेश घावड़े, युवराज जामुरिया, मोक्छ चौधरी, उमेश चन्द्रवशी, बिसराम चन्द्रवशी, अमरनाथ चन्द्रवशी, नरेश साहू, विजय धुर्वे, भागचंद साहू, किशोरी साहू,पुना राम जामुरिया, रामदास कोटेलकर, ज्ञानेंद्र कुंजाम, रविशंकर चन्द्रवशी, नरेश साहू, केदार मरकाम, फत्ते राम साहू, जिवन चन्द्रवशी सहित ग्रामवासियो के सहयोग से आयोजन सफल रहा।

# गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस के 02 आईसीएफ रेक को एल एच बी रेक में परिवर्तित



राजनांदगांव (दावा)। नागपुर डिवीजन का यांत्रिक विभाग कोचिंग डिपो, गोंदिया में आईसीएफ कोचों वाली एक्सप्रेस ट्रेन 12070/69 (गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस) का रखरखाव होता था। इन आईसीएफ कोचों की अधिकतम गति क्षमता 110 किमी/घंटा और बैठने की क्षमता कम है। बढ़ती यात्री संख्या को पूरा करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए, उच्च गति क्षमता वाली ट्रेन की आवश्यकता है, इसलिए 12070/69 (गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस) के 02 आईसीएफ रेक को एल एच बी रेक में परिवर्तित कर दिया गया है। प्रत्येक रेक में 18 कोच (3) ए सी चेयर कार, 13 नॉन ए सी चेयर कार, 01 ब्रेक वेन × 01 पॉवर कार) हैं। इन कोचों के अलावा 10 अतिरिक्त कोच इन कोचों के रखरखाव मरम्मत के लिए रखे गए हैं।

एल एच बी कोच में 160 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता, बैठने की क्षमता में वृद्धि और आतंरिक संरचना आईसीएफ कोच की तुलना में बेहतर है। प्रत्येक एल एच बी के एसी कोच में एफ एस डी एस (फायर × स्मोक डिटेक्शन सिस्टम) लगाया गया है और नॉन एसी कोच में पारंपरिक ए बी सी प्रकार के अग्निशामक यंत्र उपलब्ध किये गए हैं। एफ एस डी एस यात्री सुरक्षा के लिए एयर कंडीशन एल एच बी कोचों में स्थापित एक बहुत प्रभावी उपकरण है। यदि धुएं या आग का पता चलता है, तो यह सिस्टम यात्रियों को सचेत करने के लिए बजर ध्वनि सक्रिय कर देता है, जिसके बाद ट्रेन में ब्रेक लग जाते हैं।

रेलवे ट्रैक, स्टेशनों पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रत्येक एलएचबी कोच में बायो-टॉयलेट लगाए गए हैं, जिससे की खुले में शौच को रोका जा सके। इन कोचों को आधुनिक परिष्कृत उपकरणों के साथ कोचिंग डिपो गोंदिया में प्राथमिक रखरखाव किया जाता है। रखरखाव में आसानी और संचालन के दौरान परेशानी मुक्त सेवा के लिए अतिरिक्त फीड प्रेशर पाइप में अतिरिक्त डर्ट कलेक्टर के प्रावधान के साथ एफपी पाइप लाइन में संशोधन किया जा रहा है। कोचों के सौंदर्यपूर्ण स्वरूप को बनाए रखने के लिए आधुनिक सफाई उपकरणों और मानक सफाई सामग्रियों द्वारा इन कोचों की मशीनीकृत सफाई की जा रही है। गोंदिया से चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन बिलासपुर-नागपुर वन्दे भारत के बाद इस जोन की सबसे अच्छी और साफ़ सुथरी ट्रेन है इसका श्रेय द.पू.म. रेलवे के नागपुर मंडल को जाता है।

# प्रभारी मंत्री से मिले जिला युवा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष नदीम मेमन



खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन से मिलकर मुस्लिम समाज के जिला युवा अध्यक्ष नदीम मेमन ने मुस्लिम समाज के लिए विभिन्न मांगों को रखा सामने। खैरागढ़ छुईखदान गंडाई जिले मे लगभग 20,000 (बीस हजार) मुस्लिम निवास रत है,जिनके लिए मुस्लिम भवन की अति आवश्यकता है, खैरागढ़ मुस्लिम कब्रिस्तान मे बोरिंग, पाइप लाइन व सीजी रोड निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग की इस दौरान जिला युवा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष नदीम मेमन के साथ अल्ताफ अली, अयूब सोलंकी, राजा सोलंकी, जावेद खान, ज़ाहिद अली, वसीम खान, एहतेशाम खान, नजिम सोलंकी, शेख ज़ाहिद, अमीन खान, अकरम मेमन, इजहार खान, उस्मान सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# गायत्री मंदिर में महापूर्णाहूति पर आज 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ



विभिन्न संस्कार भी होंगे संपन्न

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर चले नौ दिन तक के चले विभिन्न साधना व अनुष्ठान का समापन कल नवमी तिथि को होगा। इस दौरान सुबह 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार संपन्न कराये जायेगें। मंदिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नवरात्रि पर्व में वेदमाता गायत्री की विशेष साधना का विशेष फल मिलता है। गायत्री वह महाशक्ति है, जिसकी साधना करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त करता है। मान्यता है कि नवरात्रि पर्व में एकम् से लेकर नवमीं तक नौ दुर्गाएं जागृत रहती हैं और इन नौ दिनों को अनेक प्रकार साधना अनुष्ठानों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त माना जाता है। स्थानीय गायत्री मंदिर में भी नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस को बहुसंख्या में गायत्री परिजनों व साधकों द्वारा संकल्प ज्योति कलश की स्थापना की गई।

साथ ही कईयों ने विभिन्न प्रकार के साधना अनुष्ठान का संकल्प लिया। इन नौ दिनों में मंदिर में प्रतिदिन सुबह एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ के माध्यम से विशेष अनुष्ठान का क्रम भी चला है। समस्त प्रकार के साधना और अनुष्ठानों का समापन कल नवमी तिथि को होगा, इस अवसर पर सुबह पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार के अलावा महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त समस्त कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों तथा श्रद्धालु नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# अण्डर-14 प्रतियोगिता : दुर्ग संभाग से खेलेंगे हर्ष उईके

**दुर्ग (दावा)। 24वीं अंतरशाला क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन गोरिला पेन्ड्रा मारवाही में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 अक्टूबर समापन 21 अक्टूबर, अण्डर-14 प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है कमला कॉलेज में राजनांदगांव क्रिकेट ऐकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।**



क्रिकेट कोच संदीप शुक्ले मार्गदर्शन प्रशिक्षण प्राप्त जिसमें हर्ष उईके चयन हुआ है। दुर्ग संभाग (स्टेट टीम) कड़ी स्पर्धा में बेमेतरा, दल्लीराजहरा, दुर्ग, कर्वधा, भिलाई के खिलाड़ी भी सम्मिलित थे। पिता गौतम राम उईके के पुत्र हर्ष उईके का दुर्ग संभाग क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन किया गया।

वर्तमान में खेल अधिकारी देवेन्द्र ठाकुर, संतोष यादव, हिमांशु यादव समिति की ओर से शुभकामनाएं व ऐकेडमी परिवार की ओर से ट्राफी दी गई। कोषाध्यक्षा अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणाजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं उपरोक्त चयन होने पर सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। यह जानकारी आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

# समाजसेवी संजीव सिंघल ने नवरात्र पर कराया भोजन



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के अध्यक्ष समाजसेवी संजीव सिंघल ने नवरात्र के अवसर पर नौ कन्याओं का स्व-निवास स्थान पर भोजन कराया। श्री सिंघल एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सुशीला सिंघल एवं पुत्र श्री प्रियांशु सिंघल ने कन्याओं के पैर धुलाए। पैरों पर आलता लगाया, मस्तक पर तिलक सुशोभित किया, कन्याओं की आरती उतारी, उन्हे देवी स्वरूप मानकर उनके चरण स्पर्श किये तथा उन्हे भोजन कराया। भोजन में चना सब्जी, पूरी, खीर, अचार था। तत्पश्चात उनको कदली फल एवं धन किया।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए शिविर का आयोजन

**मोहला (दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज 10 अक्टूबर को तीनों विकास खंड के विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभियान अंतर्गत छूटे हुए सभी पात्र सदस्यों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदाय किया जाएगा।**



विकासखंड मोहला अंतर्गत शिविर स्थल सामु.स्वा.केन्द्र मोहला, प्राथ.स्वा.केन्द्र दनगढ़, प्राथ.स्वा. केन्द्र गोटाटोला, प्राथ.स्वा.केन्द्र वासड़ी, चिलमटोला आ.बा.केन्द्र, कुंजामटोला आ.बा.केन्द्र, मजियापार ग्रा.पं.भवन, जबकसा आ.बा.केन्द्र, पारडी उप.स्वा.केन्द्र, रामगढ़ आ.बा.केन्द्र, मोतीपुर ग्रा.पं.भवन, आमाडुला आ.बा.केन्द्र, मुनगाडीह ग्रा.पं.भवन,पाउरझोला आ.बा.केन्द्र, छुरियाडोंगरी, टेमली पीएचसी वासड़ी, मरकाटोला मेनरोड किराना स्टोर, हिड़कोटोला आ.बा.केन्द्र, सांगली आ.बा.केन्द्र, मिस्प्री आ.बा.केन्द्र,उरवाही उप.स्वा.केन्द्र, घावड़ेटोला ग्रा.पं.भवन, मचांदुर ग्रा.पं.भवन, शेरपार आ.बा.केन्द्र, बोगाटोला ग्रा.पं.भवन, ककईपार रंगमंच, मरारटोला आ.बा.केन्द्र, कुम्हली उप.स्वा.केन्द्र, कुडुमपारा आ.बा.केन्द्र, चापाटोला आ.बा.केन्द्र, डोकलकोण्डे आ.बा.केन्द्र, मा.पि.भूर्सा सांस्कृतिक भवन, एकटकन्हार आ.बा.केन्द्र, परसघाट आ.बा.केन्द्र में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसी प्रकार वि.ख. अ.चौकी अंतर्गत शिविर स्थल सीएचसी अं. चौकी, गोपलीनचुवा, जीर्राटोला आ.बा.केन्द्र, सीएचसी बांधा बाजार, हितागुटा आ.बा.केन्द्र, सीएचसी कौड़ीकसा, गोर्राटोला आ.बा.केन्द्र, सीएचसी जादूटोला, आंतरगांव आ.बा.केन्द्र, सीएचसी चिल्हाटी सिरलगढ़ आ.बा.केन्द्र, सीएचसी माहुद मंचादूर, पंडरीतराई आ.बा.केन्द्र, हालमकोडो आ.बा.केन्द्र, बागनारा आ.बा.केन्द्र, हज्जूटोला आ.बा.केन्द्र, बिहरीकला आ.बा.केन्द्र, लाताकोडो आ.बा.केन्द्र, दाऊटोला आ.बा.केन्द्र, सिंघाभेडी आ.बा.केन्द्र, भर्रीटोला आ.बा.केन्द्र, रैनूटोला आ.बा.केन्द्र, गुण्डरदेही आ.बा.केन्द्र, आमाटोला आ.बा.केन्द्र, जोरातराइ आ.बा.केन्द्र, राजाटोला . आ.बा.केन्द्र, सांगली आ.बा.केन्द्र, सोनसायटोला आ.बा.केन्द्र, बोईरडीही आ.बा.केन्द्र, केकतीटोला आ.बा.केन्द्र, चिखली आ.बा.केन्द्र, अरजकुंड आ.बा.केन्द्र, मालडोंगरी आ.बा.केन्द्र, पटेली आ.बा.केन्द्र, मोंगरा आ.बा.केन्द्र, देववाडवी आ.बा.केन्द्र ,भडसेना आ.बा.केन्द्र, गौलीटोला आ.बा.केन्द्र, खडखडी आ.बा.केन्द्र, मेटेपारए घोरदा, झिटिया आ.बा.केन्द्र, मुंगेशीटोला आ.बा.केन्द्र, पेंदलकुही आ.बा.केन्द्र, देवरसूर आ.बा.केन्द्र, कोरचाटोला आ.बा.केन्द्र, दोडके आ.बा.केन्द्र, खुर्सीटिकुल आ.बा.केन्द्र, नीचेकोहडा आ.बा.केन्द्र, मिरचे आ.बा.केन्द्र, कुंडेराटोला आ.बा.केन्द्र, डुमरघुचा आ.बा.केन्द्र, परसाटोला आ.बा.केन्द्र, केशालडबरी आ.बा.केन्द्र, पीपरखार आ.बा.केन्द्र, टाटेकसा आ.बा.केन्द्र, भगवानटोला आ.बा.केन्द्र, मुरेटीटोला आ.बा.केन्द्र, कुदुरघोडा आ.बा.केन्द्र, हरेखापायली आ.बा.केन्द्र, कुदुरघोडा, चोरपानी आ.बा.केन्द्र, आडेझर आ.बा.केन्द्र में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

# गोंड समाज ने कुलदेवी दाई बमलाई को सेवा अर्जी भेंट की



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। गोंडवाना भू भाग के 52 गढ़ 57 परगना डोंगरगढ़ रियासतकालीन के गोंड राजाओं की कुल देवी दाई बमलाई की सेवा अर्जी प्राचीनकाल से प्रत्येक नवरात्रि पर्व के पांचवें दिन विशेष पंचमी भेंट करने दाई के दरबार में जाया करते थे। जिसे गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ ने पुनः प्रारंभ किया जाता रहा है। इस दिवस बस्तर क्षेत्र से आंगा देव के साथ गोंडी रेला पाटा व सहनाई की धुन में जत्रा चला जो यह कार्यक्रम पंचमी 7 अक्टूबर 2024 सोमवार शाम 5 बजे बस्तर से आए आंगा देव, बाबा नरसिंग पाठ, मोहला मानपुर चौकी राज पनाबरस से डांग छड़ी, बूढ़ी माई की डोली पेन जातरा के साथ प्रज्ञा गिरी डोंगरगढ़ के सियार (शरहद) में प्रवेश किया जहां बस्तर आए अंगा देव को तहसील इकाई एवं गोंड समाज के लोगो ने बड़ी संख्या भव्य पेन शक्तियों का स्वागत करते हुए परघा के लाए।

तत्पश्चात बुढ़ाल पेन महारानी दुर्गावती प्रगाण पेन ठाना और प्राचीन कालिन बूढ़ा देव गुफा में अंगा देव, फड़ा पेन शक्ति का गोगो (पूजा) पूजा अर्चना कर बूढ़ादेव गुफा से दाई बमलाई का सेवा अर्जी करने नीचे मंदिर पहुंचे जहां पूर्व काल से चलते आ रहे परत्रीय को आयाम देते हुए बैगिन दाई ने आंगा देव का पानी ओरछ कर पीढ़हा में देवताओं का चरण धोकर प्रवेश कराया जहां गोंड भुमका के वंशज दीपक उइके के हाथों माता का पंचमी भेंट कर सेवा अर्जी स्प्रेम कराया गया। और महावीर पारा स्थित शीतला ( जमींदारी ) खैरो दाई गोल बाजार में दाई बैगिन मठ ,बस स्टैंड स्थित दाऊ बैगा डोकरा मठ, खुटापारा के बाबा हरदेव पाठ, पंडरी दाई से अर्जी करते हुए पुनः रानी दुर्गावती प्रगाण आया। जिसमें हजारों की संख्या में बस्तर, कांकेर नागपुर (महाराष्ट्र), एमपी, महासमुद, कोरबा, रायपुर, भिलाई, कवर्धा, दुर्ग, बेमेतरा, बिलासपुर, खैरागढ़, चौकी , डोंगरगांव, छुरिया से गोंडवाना यूथ क्लब के लोग अधिक संख्या में शामिल हुए।

ज्ञात हो कि हजारों वर्ष इसी प्रकार गोंड राजाओं द्वारा यह कुलदाई बमलाई को इस प्रकार अपने प्राचीन रूढ़ी गत परम्परा के अनुसार सेवा अर्जी का प्रचलन रहा है। जहां गोंड गयाता द्वारा ही सेवा अर्जी किया जाता था और आज भी गोंड बैगाओं द्वारा ही विशेष सेवा दी जाती है। कालांतर में यह परम्परा शिथिल सा था। जिसे पुनः कई वर्षो से आरंभ किया गया। रेला, पाटा, डांग, पालो, हूलकी, शैला, तुर्रा, मांदर की थाप व शहनाई की धुन और पारपरिक वेश भूषा के साथ सगा समाज इस जतारा में तहसील गोंड समाज के अध्यक्ष संतोष पड़ोती, उपाध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम, अखिल भारतीय गोंड महा सभा ओडार बांध के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालाक रमेश उईके, संरक्षक तिजऊ मंडावी, सदा राम, रुदन उईके, यूथ क्लब के अध्यक्ष राजेश नेताम, प्रवीण मंडावी, किशोर नेताम, सचिव नंदलाल कोहकोट, महेंद्र नेताम, प्यारे सलामे, मुडादार मायाराम मंडलोई, मदन खुरशायम लादूराम तुमरेकी, फागू मंडावी, दसरथ नेताम, भुवन मंडावी, फिरतू पदोती, दानीराम मंडावी, राधेश्याम सूर्यवंशी, मदन मंडावी, पुरशोत्तम भलावी, भिसम ठाकुर, मनोहर पुसाम, दमयंती, दिव्या भलावी, ओम कुमारी कुंजाम, सुमन पड़ोती, वंदना उईके, महावति तुमरेकी, लक्ष्मी परते, रानू मरकाम, अनीता परते, सविता मंडावी, उतरा उइके, सूरजोतिन, बरमत छेदैया, अलका पूसाम भूमका मदन उईके, रमेश मंडावी, संगठन मंत्री मनोज नेताम, कांकेर से जिला पंचायत सदस्य हेमलाल मरकाम, कवर्धा से नारायण सुर मरकाम, कुंभलाल पदम, धर्मेश ध्रुव, चेमसिंह मरकाम, मुन्नालाल, बिसेसर, पन्ना लाल,पंचम सहित अधिक संख्या में स्वजातिगण उपस्थित थे।

# उद्योग शिरोमणि रतन टाटा के निधन पर श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। देश के उद्योग जगत के शिरोमणि दानी व दयालु महान उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर समाज सेवक संघ के संयोजक संजीव सिंघल, प्रियांशु सिंघल, राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कु. स्वाति देवांगन, प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती चंचल तिवारी, दुर्ग संभाग के अध्यक्ष अंकित गर्ग, खैरागढ़ के जिला अध्यक्ष गोपेन्द्र वर्मा, खैरागढ़ के नव नियुक्त अध्यक्ष सावन सोनू, सहसपुर दल्ली के ब्रांच अध्यक्ष देवदास साहू, राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष श्रीमती यमला साहू, सिंगारपुर-गोपालपुर-फत्तेगांव के अध्यक्ष प्रकाश यादव एवं राजनांदगांव के अध्यक्ष कु. रेवती साहू, मुदंगांव से श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवांगांव मुढ़ीपार के अध्यक्ष अमित पटेल, मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अश्विनी पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, कोटरासरार की अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीह के अध्यक्ष दिलीप साहू, इंदामरा की अध्यक्ष कु. रूपा कंवर, डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी पटेल, सिंघोला के अध्यक्ष कु. पायल यादव, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, भोरका के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष बबिता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पार्रीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागांव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, दुर्ग संभाग के सचिव खुलेन्द्र साहू, बोरी के अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, गठुला के अध्यक्ष हर्ष साहू, पदुमतरा की अध्यक्ष कु. चचल साहू, तिलई के अध्यक्ष भूषण लाल देवांगन, परसाडीह (सुरेगांव) के अध्यक्ष अजय श्रीवास, डोंगरगांढ़ के अध्यक्ष ओमकार कंवर, जेवरतला की अध्यक्ष कु. हेमलता ठाकुर, खपरीखुर्द के अध्यक्ष शिवानंद महोबिया आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।



# संस्कार धानी नगरी में एक हजार किमी दूर की गुजराती संस्कृति की जीवंतता को बनाए रखने में लोहाणा समाज का विशेष योगदान है - डॉ. रमन सिंह

## डॉ सिंह ने गुजराती समाज के रास गरबा उत्सव में भाग ले कर आत्मीयता का प्रदर्शन किया

राजनांदगांव (दावा)। शहर के रेल्वे स्टेशन रोड स्थित श्री लोहाणा महाजन बाड़ी में गुरुवार को नवरात्रि षष्ठी के दिन क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने यहां आयोजित गुजराती लोहाणा समाज के गरबा उत्सव में भाग लेकर तथा मातारानी की पूजा-अर्चना की और समाज के लोगों से मिलकर तथा उनके बीच बैठकर कर आत्मीयता दिखाई। डॉ. सिंह के इस आत्मीयता पूर्ण व्यवहार से गुजराती लोहाणा समाज के लोगों ने काफी प्रसन्नता का अनुभव किया

लोहाणा गुजराती समाज के अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव सहित समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठकर आत्मीय पूर्ण चर्चा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि गुजराती समाज यहां से हजारों किलोमीटर दूर अपनी पुरानी गुजराती परंपरा व संस्कृति जो आप लोगों को मिला है उसे आज भी आप लोगों ने सहेज व संभाल कर रखा है। इसके लिए लोहाणा समाज निश्चय ही बधाई के पात्र हैं। डॉ सिंह ने कहा कि लोहाणा महाजन



बाड़ी में परंपरागत अनुसार गरबा का आयोजन हो रहा है। यहां सास भी है और बहु भी है। वहीं 70-75 साल की माताएं भी उत्साह के साथ गरबा उत्सव में भाग ले रही है। जो निश्चय ही युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने लायक है। डॉ. सिंह ने कहा कि आज आप सबके बीच बैठकर उस पुरानी परंपरा का दर्शन किया। डॉ. सिंह ने हजारों साल से इस गुजराती परंपरा को बनाए रखने के लिए समाज के बुजुर्गो व युवा साथियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुजराती लोहाणा समाज आगे बढ़े और छत्तीसगढ़ भी आगे बढ़े तथा आप हम के सहयोग और माता जी के आशीर्वाद से राजनांदगांव भी आगे बढ़े। कार्यक्रम का सफल संचालन रुपम (खुशी) सोनछात्रा ने किया।

इस दौरान ट्रस्टी सुरेश पी. कोटक, सुरेश एच. लाल, सचिव योगेश कोटक, उपाध्यक्ष भरत जोबनपुत्रा, रितेश लाल, गौतम कोठारी, कोषाध्यक्ष दिनेश साहिता, नरेश भाई तन्ना, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीता डी रायचा, युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु रायचा व समाज के अन्य सामाजिक जनों ने डॉ सिंह का भाव-भीना स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, भावेश बैद आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर-एसपी सहपरिवार महाजन बाड़ी में खेला जमकर गरबा

लोहाणा महाजन बाड़ी के गरबा उत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग परिवार के साथ जमकर गरबा किए। इस दौरान लोहाणा गुजराती समाज के युवा भी झूमकर गरबा नृत्य किए।



बता दें कि जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर में आयोजित गरबा उत्सव कार्यक्रम में एक-एक कर समय देकर गरबा उत्सव कार्यक्रम में भाग लिए और आयोजकों के साथ मिलकर आत्मीयता दिखाई। जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के अपने मातहत सीएसपी पुष्पेंद्र नायक व कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू के साथ हर गरबा उत्सव में उपस्थिति देने व भावपूर्ण गरबा नृत्य कर मातारानी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पण करने के लिए लिए गरबा आयोजकों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

## मां बम्लेश्वरी मंदिर में आज अष्टमी हवन और कल होगा विसर्जन




डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी मंदिर में अष्टमी हवन व पूर्णाहुति 11 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में एवं नीचे बम्लेश्वरी मंदिर व शीतला मंदिर में संध्या 7 बजे से होगी। वहीं ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम 12 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 4.00 बजे ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में माई ज्योती का विसर्जन एवं संध्या 7 बजे नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में प्रति वर्षानुसार तय मार्ग पर शोभायात्रा निकालकर महावीर तालाब में ज्योति विसर्जन किया जाएगा। ट्रस्ट समिति द्वारा नीचे मंदिर में ज्योति बैठाने वाले भक्त जनों से जो ज्योति विसर्जन में सम्मिलित होना चाहते हैं उनसे अष्टमी शुक्रवार को संध्या 6 बजे तक बिल्ला प्राप्त करने अपील किया गया है।

## उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि- आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने कहा- वे मानवता के प्रतीक थे

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े कारेबारी समूह आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने भारत के एक महान उद्योगपति, परोपकारी और एक विजनरी लीडर, रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।




ग्रुप की ओर से शोक व्यक्त करते हुए श्री अली ने कहा कि, श्री रतन जी के निधन से एक युग का अंत हो गया है, लेकिन उनके द्वारा किये गए कार्य आगे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। श्री रतन जी ने भारत को ना केवल वैश्विक पहचान दिलाई बल्कि अपने विशाल ह्रदय के कारण वे मानवता के 'प्रतीक' बने। उनकी विनम्रता, ईमानदारी और लोककल्याण के लिए किये गए कार्य अनेक लोगों को प्रेरणा देते हैं। श्री टाटा ने एक व्यवसायी होकर भी अपने लाभ से पहले लोगों की निःस्वार्थ सेवा और दया को अपनाया। उन्होंने खुद को, व्यवसाय से परे सोचते हुए वंचितों के कल्याण, उनकी शिक्षा और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित कर दिया।

### टाटा समूह के प्रति जताई संवेदना

श्री रतन जी का जीवन इस सोच का जीवन्त उदाहरण है कि सफलता असल मायने में दूसरों की सेवा करने में निहित है। उनके यह कार्य अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणा के रूप में रहेंगे जो ना केवल सफल होने की आकांक्षा रखते हैं बल्कि दुनिया को एक बेहतर जगह भी बनाना चाहते है। हम उनके परिवार और टाटा समूह के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## गरबो घूमतो जाओ, महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी में गरबे की धूम



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि में गुजरात के पारंपरिक गरबे का आयोजन महावीर सोसाइटी में 7-8-9 अक्टूबर को अध्यक्ष अशोक पारख द्वारा बनाई गई कमेटी के सदस्य प्रकाश बाफना, अनिल तातेड तथा संदीप गिडिया व अंकेश के नेतृत्व में किया गया।

प्रकाश बाफना ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजन में सोसाइटी की महिलाएँ, बच्चों तथा पुरुषों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया तथा माता अम्बे की आराधना की। दिनांक 8 अक्तूबर को सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में सोसाइटी की बुजुर्ग माताओं का समस्त कालोनी द्वारा श्रीफल, शाल तथा पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। तीन दिनों के आयोजन में बेस्ट गरबा फीमेल, मेल, कीड्स, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस अप आदि अनेकानेक पुरुस्कार एवं बच्चों को सांत्वना पुरुस्कार भी दिये गये। कार्यक्रम के निर्णायक श्रीमती वर्षा अग्रवाल एवं श्रीमती पूजा ओस्तवाल थी।

राजेंद्र लड्डा कार्यक्रम संरक्षक, पन्नालाल चोपड़ा, रत्नेश जैन, प्रियंक जैन, सुभाष अग्रवाल, संजय लालवानी, दीपक खोखारिया, श्रीमती दीपा बागड़ी, श्रीमती खुशबू नाहटा, रमेश सोनी आदि लोगों का सहयोग रहा। इस संस्कारधानी धार्मिक आयोजन का भोजन प्रसादी के साथ 9 तारीख को समापन हुआ।

## खंडेलवाल कॉलोनी वैशाली नगर गरबा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल कॉलोनी, वैशाली नगर में इस वर्ष गरबा महोत्सव का सातवां वर्ष बेहद धूमधाम से मनाया जा रहा है। कॉलोनी वासियों द्वारा चार दिवसीय इस गरबा उत्सव में अलग-अलग थीम पर हर दिन विशेष प्रस्तुतियां दी गईं। वार्डवासियों ने गरबा का आनंद लेते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। महोत्सव के तीसरे दिन विशेष महागरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। इसके साथ ही महा आरती का भी आयोजन किया गया। आयोजन समिति ने 11 तारीख को सामूहिक कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया है, जिसमें सभी कॉलोनीवासी हिस्सा लेंगे। यह आयोजन कॉलोनी के सभी लोगों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द्र को और मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलोनी के वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी ठाकुर, मनीष शर्मा, आशीष वैष्णव, विक्की साहू और कॉलोनी के महिला मंडल ने विशेष योगदान दिया।

## राह चलते मोटर सायकल चालक से मोबाईल छीनकर भागने वाला अज्ञात आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। भगत सिंह चौक निवासी सनत कुमार जेठवा पिता भानजी जेठवा उम्र- 62 साल का जो 18 अगस्त 2024 को शाम 5:30 से 6:30 बजे के लगभग अपने मोटर सायकल से अपने खेत ग्राम नागतराई से घर वापस आ रहा था कि, ग्राम अछोली बगदई मोड़ सुलभ शौचालय के पास एक अज्ञात मोटर सायकल का चालक पीछे से तेजी से आया और प्रार्थी के शर्ट के उपर जेब में रखे मोबाईल फोन को छीन लिया और प्रार्थी को धक्का दे दिया। जिससे प्रार्थी मोटर सायकल सहित गिर गया। जिससे प्रार्थी को चोंट आया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र. 435/2024 धारा- 304(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 09 अक्टुबर को मुखबीर सूचना मिला कि एक व्यक्ति मोबाईल बेचने के फिराक में जिसकी तस्दीक किया तो आरोपी गिरवर यादव उर्फ गोलू पिता राजाराम उम्र- 24 साल निवासी वार्ड नं. 02 बजरंगपुर नवागांव जो प्रार्थी के छीने हुये मोबाईल को बेचने के फिराक में था जिसे पकड़कर पूछताछ किया जो घटना दिनांक समय को मोबाईल छीनना स्वीकार किये आरोपी से छीने हुये मोबाईल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## करदाताओं की सुविधा के लिये निगम की नवीन पहल

राजनांदगांव (दावा)। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शत-प्रतिशत वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑन लाईन संधारण तथा वसूली हेतु आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में निगम सभागृह में राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला के लिये आज निगम सभागृह में बैक के अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



### राजस्व करों का ऑनलाईन संधारण एवं वसूली हेतु निगम सभागृह में प्रशिक्षण

आयुक्त श्री गुप्ता के नेतृत्व में विगत दो माह से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत कर दाताओं के घर व प्रतिष्ठान के पास जाकर मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया गया और पूर्व के डिमाण्ड से मिलान की गयी, डिमाण्ड मिलान करने पर भिन्नता पाये जाने पर वर्तमान सत्यपान के आधार पर डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है। साथ ही जिन घरों का डिमाण्ड में दर्ज नहीं है उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी समय-समय पर आयुक्त श्री गुप्ता, उपायुक्त मोबिन अली तथा राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन द्वारा समीक्षा की जा रही है।

इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के विरूद्ध वसूली हेतु एवं करदाताओं की सुविधा के लिये ऑन लाईन वसूली किये जाने की तैयारी की जा रही है। इसी कडी मे आज निगम सभागृह में बैक के अधिकारी ने राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में उनके द्वारा कर्मचारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर की मांग का ऑन लाईन संधारण करने संबंधी जानकारी दी गयी, साथ ही करदाताओं की सुविधा हेतु यू.पी.आई. वालेट, चेक, कार्ड, नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से करों का भुगतान की सुविधा कैसे उपलब्ध कराना है जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण लेकर राजस्व अमला करदाताओं को ऑन लाईन सुविधा के बारे में जानकारी देगे, ऑन लाईन सुविधा का लाभ मिलने से करदाता करों का भुगतान करने में रूचि लेंगे, क्योंकि आज के युग में ऑन लाईन के माध्यम से ही खरीदी बिक्री की जा रही है, इस आधार पर कर अदायगी में भी करदाता इसका लाभ उठायेगे, जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि होगी।

## हरियाणा में भाजपा के विचारधारा की जीत - रवि सिन्हा

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के मंडल एवं सदस्यता प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी जनता के विश्वास और भरोसे पर खरी उतरकर लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। इससे छतीसगढ़ मे भी हर्ष का माहौल है।



यह जीत भारतीय जनता पार्टी के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की जीत है जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जिसमें सर्वे भवंतु सुखीनाः की भावना दिखती है, धर्म की जय अधर्म का नाश प्राणियों में सद्भावना और अंततः विश्व का कल्याण होने का भावना परिलक्षित होती है। सत्ता के माध्यम से राष्ट का विकास और विकसित भारत की कल्पना को मूर्त रूप देने के लिए भारतीय जनता पार्टी को जनता ने सत्ता सौपी है, कार्यकर्ताओं की मेहनत की पराकाष्ठा ही रही कि अब तक लगातार तीसरी बार आने वाली यह सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरी उतरने के लिए तैयार है ,और जनता की सेवा के लिए लगातार तत्पर रहेगी।

सिन्हा ने आगे कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता के द्वारा सौपे हुए इस दायित्व का निर्वहन करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नही रखेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि इस जीत के दूरगामी परिणाम होंगे, इस जीत से न केवल भारत की छवि विश्व में उभरेगी बल्कि हम विकसित भारत के अभियान के लक्ष्य को भी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान में लोग स्वयं आगे आकर सदस्य बनने के इच्छुक हो रहे हैं तो यह मोदी की गारंटी और छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यो का प्रतिफल है।

## गुड़ाखू लाइन में आज भंडारा

राजनांदगांव (दावा)। सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति हमालपारा (गुड़ाखू लाइन) द्वारा आज 11 अक्टूबर को अष्टमी के दिन दोपहर एक बजे से गुड़ाखू लाइन में माता का भंडारा का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष शरद सिन्हा एवं समस्त सदस्यों ने भक्तों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## लायंस गरबा उत्सव में छत्तीसगढ़ी थीम के जमकर बिखरे रंग, डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थित से लगा चार चांद

राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्यापीठ मैदान के विशाल परिसर में इन दिनों लायंस इंटरनेशनल के गरबा उत्सव की धूम बनी हुई है। यहां गरबा नृत्य कर रहे सैकड़ों गरबा प्रेमियों के विविध रंगों का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसे समय में शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि को क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति ने लायंस के गरबा उत्सव में चार चांद लगा दिया और छत्तीसगढिया सबले बढ़िया की गूंज को हवा मिली। इस दौरान डॉ. सिंह के साथ प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जनपद सदस्य राजेश श्यामकर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु आदि की गरिमामयी उपस्थिति बनी रही।



### गरबा प्रतियोगियो में पुरस्कारों की बौछारे

इस अवसर पर चांउर बाबा के नाम से मशहूर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लायंस अध्यक्ष तरणदीप सिंह अरोरा, संरक्षक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, गरबा संयोजक बृजकिशोर सुरजन, चेयरमैन राजा माखीजा, सचिव डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, ला. श्रीमती शारदा तिवारी, कमल किशोर साहू, पीडीजी अमरजीत दत्ता, नरेन्द्र जैन, संतोष लोहिया, प्रकाश सांखला, राजकुमार शर्मा आदि सहित मातारानी की पूजा अर्चना कर रंगारंग गरबा उत्सव की शुरुआत की।

बता दें कि लायंस गरबा उत्सव के इवेंट मैनेजर सुश्री युक्ति ठक्कर द्वारा की गई विशेष साज सज्जा में रंग-बिरंगी लाइटों से आंखों को चुंधिया देने वाली रौशनी के बीच लाईव म्यूजिक की प्रस्तुति से चारों ओर उमंग और उल्लास का रंग बिखर रहा और लोग मस्ती में डूबकर आकर्षक गरबा नृत्य का प्रदर्शन कर रहे। ऐसे माहौल में लायंस क्लब द्वारा गरबा नृत्य कर रहे श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मान व पुरस्कारों से नवाजा गया। जिसमें बेस्ट गरबा के लिए राज सोनवानी व खुश्बू सलामे को पुरस्कृत किया गया। वहीं बेस्ट ड्रेस के लिए विनायक गुप्ता व सुचित्रा सिन्हा प्रथम रही। इसी तरह अब्बड़ सुंदर गरबा प्रस्तुति में तोषना भंसारे व मानसी सहारे रही वहीं अब्बड़ सुघ्घर प्रस्तुति के लिए श्रेया यदू को पुरस्कृत किया गया।

लायंस क्लब गरबा उत्सव के चेयरमैन ने राजा माखीजा ने बताया कि नवरात्रि अष्टमी के दिन के गरबा प्रस्तुति का थीम राजस्थानी रखा गया है। माता रानी के इस गरबा उत्सव आयोजन को शहर वासियों सहित स्थानीय प्रशासन का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। इससे लायंस के गरबा उत्सव कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में रोजाना पूजा प्रभारी अशोक पंवार सुरेश शर्मा, पार्षद राणू जैन, विजय कोटड़िया, मनोज गुप्ता व इंडिया परफेक्ट न्यूज की निरंतर उपस्थिति बनी हुई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com